दैनिक लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



कहीं आपका टीनएज बच्चा आपको.......

बुजुर्ग माता पिता के चेहरे पर मुस्कान अच्छे ......

वर्ष : 11 अंक : 02 लखनऊ, 18 दिसम्बर, बुधवार 2024 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

# योगी ने सपा विधायकों को दिखाया आईना

## सीएम ने विधानसभा में बताया- कैसे डबल इंजन सरकार ने उत्तर प्रदेश की बदल कर रख दी पहचान

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन शिक्षा क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए कार्यों को रखा। उन्होंने सपा विधायक मनोज कुमार पारस, पूजा, पंकज पटेल के मुद्दे को महत्वपूर्ण व संवेदनशील बताया, लेकिन नसीहत दी कि सदस्यों को सदन की गरिमा व मयार्दा को ध्यान में रखकर तथ्यपरक बातें रखनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग में सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया। हमारी सरकार ने 1.60 लाख से अधिक भर्तियां शिक्षा विभाग में की हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समग्र शिक्षा (बेसिक, माध्यमिक, उच्च, तकनीकी, व्यावसायिक, चिकित्सा शिक्षा) को लेकर नया चयन बोर्ड (उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग) बनकर तैयार है। वह विभिन्न विभागों से अधियाचन मांगकर नियुक्ति की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है। हमारी सरकार ने अकेले शिक्षा विभाग में ही 1.60 लाख से अधिक भर्तियां की हैं। यह वे भर्तियां हैं, जो पिछली सरकार की बदनीयती के कारण भरी नहीं जा सकी थीं।

### आरक्षण के नियमों का हो रहा अक्षरशः पालन

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेरोजगारी देश, दुनिया व उत्तर प्रदेश के सामने चुनौती है। उत्तर प्रदेश दुनिया के अंदर सबसे युवा राज्य है। 25 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश में 56 से 60 फीसदी आबादी वर्किंग फोर्स-युवा है। हमारी सरकार ने राज्य के युवाओं को ध्यान में रखकर अनेक कार्य किए हैं। पिछले सत्र में हमारी सरकार ने पेपर लीक की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सार्वजनिक परीक्षा व अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम -2024 को पारित किया। प्रदेश के युवाओं को ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ सरकारी नौकरियां



प्राप्त हो रही हैं। इसमें आरक्षण के नियमों का अक्षरशः पालन किया जा रहा है।

### सदस्यों द्वारा रखे गए आंकड़े तथ्यपरक नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां पर सदस्यों द्वारा रखे गए आंकड़े तथ्यपरक नहीं हैं। यदि उत्तर प्रदेश में बेसिक शिक्षा व माध्यमिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों की भर्तियों की प्रक्रिया को पूर्ण करने की बात है तो 69000 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र जारी हुए हैं, वे सभी चार वर्षों से स्कूलों में पढ़ा भी रहे हैं। उससे पहले 68500 शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया को संपन्न किया गया, क्योंकि उस समय बीएड को एनसीटीई ने उस परीक्षा के योग्य नहीं माना था और उस समय बीटीसी के इतने अभ्यर्थी हमारे पास नहीं थे। इसमें केवल 42 हजार शिक्षकों की भर्ती हो पाई थी, जो आज बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में पढ़ा रहे हैं। इन सभी को नियुक्ति पत्र जारी हुआ।

### पिछली सरकारों ने शिक्षा की गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ किया था

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने शिक्षा की गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ किया था। शिक्षामित्रों को सहायक शिक्षक के रूप में भर्ती किया था। माननीय उच्चतम न्यायालय ने उन्हें खारिज करके सेवाओं को समाप्त करने का आदेश किया था, लेकिन राज्य सरकार ने उन्हें निश्चित मानदेय पर रखा है। वे सभी शिक्षामित्र भी यथावत कार्य कर रहे हैं। उन्हें वेटेज देकर भर्ती प्रक्रिया से जोड़ा गया था। माननीय उच्चतम न्यायालय की मंशा के अनुरूप कदम उठाए गए थे। 44,000 से अधिक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया माध्यमिक शिक्षा चयन आयोग बोर्ड व उच्चतर शिक्षा चयन आयोग बोर्ड के द्वारा संपन्न की जा चुकी है।

### सीएम ने कराया हकीकत से वाकिफ

मुख्यमंत्री ने कहा कि 69 हजार शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में बड़ी विनम्रता से कहूंगा कि पिछड़ी जाति के 27 प्रतिशत आरक्षण के आधार पर 18 हजार पद आरक्षित होते हैं और पिछड़ी जाति के उसमें 32,200 से अधिक नौजवान भर्ती हुए हैं। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण की सीमा 21 फीसदी है, जिसमें 12 हजार पद उनके लिए आरक्षित होते हैं, लेकिन भर्ती हुई है 14 हजार से अधिक की। ये चीजें दिखाती हैं कि अपनी योग्यता और मेरिट से जो लोग आगे बढ़े हैं, उन्हें जनरल कैटेगरी का भी लाभ दिया गया है। जनरल के जो 34,500 पद थे, उसमें भर्ती हुई है मात्र 20 हजार। यह उन सबके लिए आंखें खोलने वाला होना चाहिए, जो इनके नाम पर राजनीति करके समाज में बंटवारे की खाई को चौड़ा करना चाहते हैं।

# नशामुक्ति के लिए सांसदों को अपने क्षेत्रों में आंदोलन चलाना होगा: लोकसभा अध्यक्ष

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली । लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों से नशामुक्ति के लिए अपने क्षेत्रों में आंदोलन चलाने की अपील करते हुए कहा कि नशीले पदार्थों की समस्या को समाप्त करना ही होगा। बिरला ने सदन में प्रश्नकाल में कहा, नशामुक्ति के लिए सभी सदस्यों को अपने क्षेत्रों में बड़ा आंदोलन चलाना चाहिए। यह सामाजिक आंदोलन से ही संभव होगा और नशे की समस्या को समाप्त करना ही होगा। उन्होंने यह बात उस समय कही, जब सदस्य तटीय सुरक्षा और अवैध मादक द्रव्यों की तस्करी से संबंधित पूरक प्रश्न पूछ रहे थे।

पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि इस सरकार में अवैध मादक पदार्थों की इतनी बड़ी मात्रा में जब्ती इसलिए हो रही है क्योंकि निगरानी भी बढ़ी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 से 2024 के बीच मादक पदार्थों की



जब्ती बढ़ी है। उन्होंने कहा कि एक दशक पहले 257 किलोग्राम मादक पदार्थ तस्करी किए जाते हुए पकड़ा गया था और इस साल यह आंकड़ा 12,617 किलोग्राम हो गया है।

उन्होंने कहा कि इसी तरह अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की जब्ती भी एक दशक में 7,000 किलोग्राम से करीब 500 गुना बढ़कर 4.15 लाख किलोग्राम के करीब पहुंच गई है। राय ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के प्रयास में इनकी अत्यधिक मात्रा में जब्ती का मतलब है कि भारत के अंदर तस्करी की साजिश को रोका जा रहा है। उन्होंने कहा, पहले जब्ती कम होती थी क्योंकि ऐसा तंत्र नहीं था।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 23.c

न्यूनतम तापमान 7.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,526.14

निफ्टी 24,641.80

# सुप्रीम कोर्ट ने यथास्थिति बनाए रखने का दिया निर्देश

### दोनों संप्रदायों की जनसंख्या और संपत्ति के बारे में डेटा मांगा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केरल में मलंकारा ऑर्थोडॉक्स और जैकोबाइट चर्चों के बीच विवाद पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फिलहाल यथास्थिति बरकरार रखी जानी चाहिए। डेढ़ घंटे से ज्यादा चली सुनवाई के बाद शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई जनवरी तक के लिए टाल दी। शीर्ष अदालत के यथास्थिति (चीजें वैसे ही बनी रहनी चाहिए जैसी वे वर्तमान में हैं) के आदेश का मतलब था कि चर्चों का वर्तमान प्रबंधन अगली सुनवाई तक वैसा ही रहेगा। इस मामले में लंबे समय से चला आ रहा मुद्दा शामिल है कि क्या मलंकारा ऑर्थोडॉक्स चर्च या जैकोबाइट चर्च कुछ चर्चों, कब्रिस्तानों और संबंधित संपत्तियों को नियंत्रित और प्रबंधित करता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने इस बात पर जोर दिया कि सुप्रीम कोर्ट दोनों समूहों के बीच कोई संघर्ष या समस्या नहीं चाहता है और कहा कि दोनों पक्षों को सामंजस्य बिठाने की जरूरत है। अदालत ने तब दोनों पक्षों को आवश्यक रिकॉर्ड, जैसे पैरिश रजिस्टर और सदस्यों की सूची प्रदान करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने केरल सरकार को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि दोनों सुनवाई के बीच कोई अप्रिय घटना न हो।

# जयपुर पहुंचकर पीएम मोदी ने दी करोड़ों की सौगात

## भजनलाल के 1 साल को प्रदेश के फैलते प्रकाश और राजस्थान के विकास का बताया उत्सव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के जयपुर में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते 1 वर्ष में राजस्थान के विकास को नई गति, नई दिशा देने में भजनलाल जी और उनकी पूरी टीम ने बहुत परिश्रम किया है। ये पहला वर्ष एक प्रकार से आने वाले अनेक वर्षों को मजबूत नींव बना है। आज का उत्सव सरकार के एक साल पूरा होने तक सीमित नहीं है, ये राजस्थान के फैलते प्रकाश का भी उत्सव है, राजस्थान के विकास का




भी उत्सव है। अभी कुछ दिन पहले ही मैं निवेश शिखर सम्मेलन के लिए राजस्थान आया था। देश और दुनिया भर के बड़े-बड़े निवेशक यहां जुटे थे। आज यहां 45-50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। ये परियोजना राजस्थान में पानी की चुनौती का स्थायी समाधान करेंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि मैं राजस्थान की जनता, राजस्थान की भाजपा सरकार को 1 साल पूरा करने के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं और इस 1 साल की यात्रा के बाद आप जब आशीर्वाद देने आए हैं। आप इतनी बड़ी तादाद में आशीर्वाद देने आए हैं। मेरा भी सौभाग्य है कि आज मैं आपके आशीर्वाद को प्राप्त कर सका। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस कभी आपके जीवन से पानी की मुश्किले कम नहीं करना चाहती थी... कांग्रेस समाधान के बजाय राज्यों के बीच जल विवाद को ही बढ़ावा देती रही। राजस्थान ने इस कूटनीति के कारण बहुत कुछ भुगता है। अभी कुछ दिन पहले ही महाराष्ट्र में भाजपा ने लगातार दूसरी बार सरकार बनाई है और चुनाव नतीजों के हिसाब से देखें तो वहां भी लगातार तीसरी बार बहुमत मिला है। वहां भी पहले से कहीं अधिक सीटें भाजपा को मिली हैं। इससे पहले हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। हरियाणा में भी पहले से ज्यादा बहुमत लोगों ने दिया है। अभी हुए राजस्थान के उपचुनाव में भी हमने देखा है कि कैसे भाजपा को लोगों ने जबरदस्त समर्थन दिया है। ये दिखाता है कि भाजपा के काम और भाजपा के कार्यकताओं की मेहनत और आज जनता-जनार्दन को कितना विश्वास है।

**संक्षिप्त समाचार**

### वीर सावरकर को भारत रत्न देना चाहिए, उद्धव ने कर दी मांग, कांग्रेस को भी खूब सुनाया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने हिंदुत्व विचारक वीर सावरकर को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान, भारत रत्न देने की अपनी मांग दोहराई। महाराष्ट्र विधानसभा के शीतकालीन सत्र में भाग लेने के लिए नागपुर में मौजूद ठाकरे ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया और भाजपा से सवाल किया कि वे वीर सावरकर को भारत रत्न कब प्रदान करेंगे। "वीर सावरकर के संबंध में मैं पूछना चाहता हूं कि उन्हें भारत रत्न क्यों नहीं दिया जाना चाहिए। ठाकरे ने कहा कि वीर सावरकर को भारत रत्न नहीं दिया जा रहा है, आज भी वह सीएम हैं जब उनकी मांग पर विचार नहीं किया जा रहा है, तो भाजपा को वीर सावरकर पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पूर्व सीएम ने कहा कि मैं कांग्रेस और बीजेपी दोनों से कहना चाहता हूं कि कांग्रेस को सावरकर को निशाना बनाना बंद कर देना चाहिए और बीजेपी को नेहरू को निशाना बनाना बंद कर देना चाहिए। हमें अतीत पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय भविष्य के निर्माण पर ध्यान देना चाहिए। दोनों नेता जो भी फैसला लें उनके समय में किए गए कार्य उनके युग के लिए उपयुक्त थे, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी को भी अब बार-बार नेहरू का नाम लेने से बचना चाहिए। वीर सावरकर के लिए भारत रत्न की ठाकरे की मांग पर राजनीतिक सहयोगियों और प्रतिद्वंद्वियों से मिली-जुली प्रतिक्रिया आई है। महाराष्ट्र में ठाकरे की प्रमुख सहयोगी शरद पवार की एनसीपी ने इस मुद्दे पर चुप रहना चुना है। एनसीपी नेता जितेंद्र अवहाद ने टिप्पणी की, मुझे नहीं पता कि उद्धव ठाकरे ने क्या मांग की या क्या कहा, इसलिए मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने ठाकरे के रुख की आलोचना की है. पार्टी नेता और कैबिनेट मंत्री भरत गोगावले ने कहा कि उद्धव ठाकरे ने मांग की है और यह ठीक है. वीर सावरकर को भारत रत्न देने के मामले पर महायुति के नेता सामूहिक रूप से फैसला करेंगे।

# अमृतसर के इस्लामाबाद पुलिस स्टेशन के पास विस्फोट से दहशत

## गैंगस्टर ने ली जिम्मेदारी, निवासियों ने बताई आपबीती

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मंगलवार सुबह पंजाब के अमृतसर में इस्लामाबाद पुलिस स्टेशन के पास जोरदार विस्फोट की आवाज सुनी गई, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। विस्फोट सुबह करीब 3 बजे हुआ, जिससे लोग चौंक गए और शांतिपूर्ण रात में खलल पड़ गया। निवासियों ने कहा कि आवाज इतनी तेज थी कि घर हिल गए और कुछ ने कहा कि प्रभाव के कारण दीवारों से पेंटिंग गिर गईं।

### पुलिस स्टेशन के अंदर कोई विस्फोट नहीं

इस्लामाबाद के पुलिस अधिकारी जसबीर सिंह ने विस्फोट की आवाज सुनने की पुष्टि की, लेकिन स्पष्ट किया कि पुलिस स्टेशन परिसर के अंदर कोई विस्फोट नहीं हुआ। अधिकारी वर्तमान में विस्फोट के स्रोत और विस्फोट के सटीक स्थान की जांच कर रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए पूछे जाने पर, स्थानीय पुलिस ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, जिससे घटना को लेकर संदेह और बढ़ गया।

### गैंगस्टर ने ली जिम्मेदारी

गैंगस्टर जीवन फौजी ने कथित तौर पर अपुष्ट स्रोतों के माध्यम से विस्फोट की जिम्मेदारी ली है। हालांकि, पंजाब पुलिस ने अभी तक घटना की पुष्टि नहीं की है या गैंगस्टर



की संलिप्तता पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

### स्थानीय प्रतिक्रिया और चल रही जांच

शक्तिशाली विस्फोट के बाद क्षेत्र के निवासी अभी भी दर्द में हैं। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तेज कंपन और शोर के कारण पूरा समुदाय जाग गया। अधिकारियों ने विस्फोट के कारण का पता लगाने और भीड़ द्वारा किए गए दावों की पुष्टि करने के लिए जांच शुरू कर दी है।

अमृतसर में इस्लामाबाद पुलिस स्टेशन के पास सुबह करीब 3 बजे जोरदार धमाका हुआ।

पुलिस ने पुष्टि की है कि स्टेशन परिसर के अंदर कोई विस्फोट नहीं हुआ।

गैंगस्टर जीवन फौजी ने घटना की जिम्मेदारी ली है।

पंजाब पुलिस ने अभी तक दावे की पुष्टि नहीं की है और न ही कोई और जानकारी साझा की है।

स्थिति की जांच जारी है और अधिकारी तथ्यों को उजागर करने के लिए काम करते समय निवासियों से शांत रहने का आग्रह कर रहे हैं।

# भाजपा की एक राष्ट एक चुनाव के पीछे की मंशा एक राष्ट्र कोई चुनाव नहीं : के. सी. वेणुगोपाल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

बेलगावी (कर्नाटक) । कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने की व्यवस्था संबंधी दो विधेयकों को लोकसभा में पेश किये जाने को लेकर मंगलवार को केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव के पीछे की स्पष्ट मंशा एक राष्ट्र, कोई चुनाव नहीं है। उन्होंने एक राष्ट्र, एक चुनाव को अव्यावहारिक करार दिया और संसद में संबंधित विधेयकों के पारित होने पर संदेह व्यक्त किया। वेणुगोपाल ने एक सवाल के जवाब में कहा, एक राष्ट्र, एक चुनाव का अभिप्राय और स्पष्ट मंशा - एक राष्ट्र, कोई चुनाव नहीं है। भाजपा का मुख्य एजेंडा एक राष्ट्र, कोई चुनाव नहीं है। वे बिल्कुल भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया नहीं चाहते हैं। पूरी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को धीरे-धीरे नष्ट करने के लिए, वे एक राष्ट्र एक चुनाव का यह नया विचार ला रहे हैं। कांग्रेस महासचिव ने यहां संवाददाताओं से कहा, कर्नाटक की अपनी विशेषता है। केरल की अपनी विशेषता है, इसी तरह मणिपुर और जम्मू कश्मीर की भी अपनी-अपनी विशेषता है। विविधता में एकता इस देश की खूबसूरती है।

# हमारा लोकतंत्र पाताल तक पहुंचा, राज्यसभा में अमित शाह बोले- देश की जनता ने किया अनेक तानाशाहों का अभिमान चूर-चूर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, सरकार ने लोकसभा में वन नेशन वन इलेक्शन बिल पेश किया। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दो विधेयक पेश किए। इनमें संविधान (एक सौ उनतीसवां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक शामिल हैं। बीजेपी और कांग्रेस दोनों ने लोकसभा में सभी सांसदों को तीन लाइन का व्हिप जारी किया था। वहीं, राज्यसभा में संविधान पर चर्चा जारी रही। राज्यसभा में संविधान पर चर्चा का गृह मंत्री अमित शाह ने जवाब दिया। अमित शाह ने कहा कि पास पड़ोस में दुनियाभर में कई लोग आजाद हुए। वहां नई शुरूआत की। लेकिन वहां आकस्मात हुए लोकतंत्र सफल नहीं हुआ। हमारा लोकतंत्र आज पाताल तक गहरा पहुंचा है। अनेक परिवर्तन रक्त की एक बूंद बहाए बगैर हमने किए हैं। विचारधारा के आधार पर भी परिवर्तन किए हैं। अनेक तानाशाहों के घुमान, अभिमान और अहंकार को चूड़ चूड़ करने का काम इस देश की जनता ने किया है। संसद के दोनों सदनों में जो चर्चा हुई, वह देश के युवाओं के लिए शिक्षणात्मक रहेगी...इससे देश के लोगों को यह समझने में भी मदद मिलेगी कि किस पार्टी ने संविधान का सम्मान किया... मैं सरदार पटेल को धन्यवाद देता हूं उनके अथक परिश्रम के कारण देश एक होकर दुनिया के सामने मजबूती से खड़ा है।

अमित शाह ने कहा कि जो कहते थे कि हम आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो पाएंगे उनको भी हमारी जनता ने और संविधान की खूबसूरती ने जवाब दिया है। हम दुनिया का पांचवा अर्थतंत्र बनकर सम्मान के साथ हैं। जिन्होंने सालों तक हमपर राज किया है। आज ब्रिटेन भी अर्थतंत्र की तालिका में हमारे पीछे खड़ा है। ये हम सब के लिए गौरव लेने का पल है। ये सदन अपने 80 से ज्यादा सांसदों को बोलने का मौका दिया 31 घंटे की बहस हुई है। आज हम जिस मुकाम पर खड़े हैं उस मुकाम पर महर्षि अरविंद और स्वामी विवेकानंद की वो भविष्यवाणी सच होती दिखा रही है। भारत माता मान ओजस्वी स्वरूप से खड़ी होगी दुनिया की आंखें चकाचौंध हो जाएगी। वो दिन नजदीक है।

हमारे संविधान में संविधान को कभी भी अपरिवर्तनीय नहीं माना गया है। अनुच्छेद 368 में संविधान में संशोधन का प्रावधान है...कुछ राजनेता 54 वर्ष की आयु में खुद को 'युवा' कहते हैं। संविधान लेकर घूमते रहते हैं और कहते हैं कि संविधान बदल देंगे। मैं बताना चाहता हूं कि संविधान में संशोधन का प्रावधान अनुच्छेद 368 में है...भाजपा ने 16 साल तक शासन किया और हमने संविधान में 22 परिवर्तन किए। कांग्रेस ने 55 साल राज किया और 77 परिवर्तन किए।

# कोयंबटूर सीरियल ब्लास्ट के मास्टरमाइंड बाशा की मौत

## अंतिम संस्कार के दौरान महौल खराब होने की संभावना, पुलिस बल तैनात

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

कोयंबटूरः 1998 के कोयंबटूर सीरियल बम धमाकों के मास्टरमाइंड एसए बाशा का 16 दिसंबर को उम्र संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया। 84 वर्षीय बाशा प्रतिबंधित संगठन अल-उम्मा के संस्थापक-अध्यक्ष थे और उन धमाकों के लिए आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे, जिनमें 58 लोगों की जान चली गई थी और 231 लोग घायल हुए थे। मंगलवार शाम को होने वाले बाशा के अंतिम संस्कार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए कोयंबटूर में पुलिस की बड़ी तैनाती की गई है। इस उद्देश्य के लिए लगभग 2,000 पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया है।

### अंतिम संस्कार जुलूस के मद्देनजर शहर में पुलिस बल तैनात

एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार शाम को बाशा के प्रस्तावित



अंतिम संस्कार जुलूस के मद्देनजर शहर में पुलिस बल तैनात किया गया है। इंडियन नेशनल लीग पार्टी के नेता जे रहीम ने कहा, वह पैरोल पर था और पिछले कुछ समय से उसकी तबीयत ठीक नहीं थी। तबीयत बिगड़ने पर उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था और 35 साल जेल में रहने के बाद सोमवार शाम को उसकी मौत हो गई।

### 1998 के धमाकों के सिलसिले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे

84 वर्षीय बाशा और अल-उम्मा के 16 अन्य लोग 1998 के धमाकों के सिलसिले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे। हाल ही में मद्रास उच्च न्यायालय ने उसे पैरोल दी थी। पुलिस ने बताया कि बाशा के परिवार के सदस्य दक्षिण उक्कदम से फूल मार्केट स्थित हैदर अली टीपू सुल्तान सुन्नत जमात मस्जिद तक अंतिम संस्कार जुलूस निकालने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

बाशा प्रतिबंधित संगठन अल-उम्मा का संस्थापक-अध्यक्ष है और उसने 14 फरवरी को सिलसिलेवार बम विस्फोटों की योजना बनाई थी जिसमें 58 लोगों की जान चली गई थी। पुलिस ने बताया कि विस्फोटों में 231 लोग घायल हुए थे। मई 1999 में, क्राइम ब्रांच सीआईडी की विशेष जांच टीम ने बाशा के खिलाफ एक आरोपपत्र दायर किया, जिसमें उस पर आत्मघाती दस्ते का उपयोग करके भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया। इस बीच, भाजपा तमिलनाडु के उपाध्यक्ष नारायणन तिरुपति ने पुलिस से अंतिम संस्कार जुलूस की अनुमति न देने का आग्रह किया है, क्योंकि अगर किसी अपराधी, आतंकवादी, हत्यारे को शहीद के रूप में सम्मानित किया जाता है, तो इससे समाज में एक बुरी मिसाल कायम होगी।

# केकेवी गर्ल्स कॉलेज की बेटियों के लिए सुलभ होगी डिजिटल शिक्षा, डॉ. राजेश्वर सिंह ने दिए 5 कंप्यूटर

**डिजिटल अभियान : अब केकेवी गर्ल्स कॉलेज में भी मिलेगी डिजिटल कोर्सों की फ्री ट्रेनिंग और करियर काउंसलिंग, डॉ. राजेश्वर सिंह दिलाएंगे संसाधन**

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर लखनऊ। मंगलवार को सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह चारबाग स्थित, बप्पा श्रीनारायण वोकेशनल (केकेवी) गर्ल्स इंटर कॉलेज, के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। इस दौरान डॉ. सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर सांस्कृतिक समारोह की शुरूआत की। उपस्थिति छात्राओं, विद्यालय स्टाफ और अभिभावकों को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने बेटियों के विद्यालयों में जाना उन्हें प्रेरित, प्रोत्साहित करने और युवाओं का मार्गदर्शन करने की अपनी प्राथमिकता बताई।

सरोजनीनगर विधायक ने बेटियों की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि, वैश्विक स्तर पर ॠऊढ में मातृशक्ति का योगदान 45% है, जबकि भारत की ॠऊढ में मातृशक्ति का योगदान अभी केवल 22% ही है। विधायक ने आगे जोड़ा यह आंकड़ा प्रमाण है कि, हमें अपनी बेटियों को प्रेरित, प्रोत्साहित और अधिक अवसर प्रदान किए जाने की आवश्यकता है। भारत में लड़कियों की प्रगति के आंकड़े गिनाते हुए डॉ. सिंह ने आगे कहा, ₹आज, भारत की बेटियां समर्पण, सामर्थ्य, दृढ़ इच्छाशक्ति और अथक परिश्रम के बल पर प्रगति के नए शिखर छूने को आगे बढ़ रही हैं। यूपीएससी-2022 परीक्षा परिणाम में टॉप 10 में 6 बेटियाँ थीं, वहीं यूपीपीएससी 2022 में भी टॉप 10 में 8 बेटियाँ थीं, पीसीएस (जे)-2022 में टॉप 20 चयनित अभ्यार्थियों में से 15 बेटियों का होना, प्रमाण हैं कि बेटियाँ हर क्षेत्र में अपने भविष्य को स्वर्णिम बना रही हैं।

साथ ही सरोजनीनगर विधायक ने कॉलेज में सुविधाओं के प्रसार के लिए अनेक घोषणाएं भी कीं। डॉ. सिंह ने सीएसआर फंड के माध्यम से विद्यालय भवन के जीर्णोद्धार के लिए 10 लाख की बड़ी राशि प्रदान करने का आश्वासन दिया। डिजिटल शिक्षा को भविष्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए डॉ. सिंह ने 5 कंप्यूटर प्रदान कर विद्यालय में डिजिटल लाइब्रेरी और डिजिटल एम्पावरमेंट सेंटर की स्थापना का आश्वासन दिया। डिजिटल एम्पावरमेंट केन्द्रों की स्थापना सरोजनी नगर विधायक का माइलस्टोन प्रोजेक्ट है। इन केन्द्रों पर युवाओं को फ्री डिजिटल लाइब्रेरी, कैरियर काउंसलिंग, डिजिटल कोर्सेज का प्रशिक्षण और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सामग्री भी उपलब्ध कराई जाती है। लड़कियों के लिए बैंकिंग, वित्त और अकाउंटेंसी को सबसे लोकप्रिय क्षेत्र बताते हुए कॉलेज प्रबंधन की मांग पर सरोजनीनगर विधायक ने सेल्फ फाइनेंस स्कीम के तहत कॉमर्स कोर्स की मान्यता दिलाए जाने के लिए प्रयास करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने कॉलेज को वर्ष 1957 से निरंतर लखनऊ में शिक्षा की ज्योति जला रहे 'बप्पा श्रीनारायण वोकेशनल गर्ल्स इंटर कॉलेज, के रूप में उल्लेखित करते हुए वार्षिकोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के शुभारंभ को अपने लिए विशेष सम्मान बताया। डॉ. सिंह ने बेटियों के मार्गदर्शन का अवसर प्रदान करने के लिए कॉलेज के अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ मिश्रा, प्रबंधिका डॉ. सौम्या शुक्ला, प्राचार्या कीर्ति वर्मा एवं समस्त विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया।

# उत्तर प्रदेश विधानसभा में नव सुसज्जित प्रेस रूम का उद्घाटन, पत्रकारों के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध

अमन लेखनी समाचार



लखनऊः उत्तर प्रदेश विधानसभा में स्थित नए और अत्याधुनिक प्रेस रूम का उद्घाटन आज विधानसभा अध्यक्ष श्री सतीश महाना जी ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे, जिन्होंने पुष्पगुच्छ देकर विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत किया और उनका आभार व्यक्त किया। उद्घाटन के अवसर पर श्री महाना ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत करते हुए कहा कि विधानसभा को नए और आधुनिक स्वरूप में ढालने के बाद अब लोग विधायिका के प्रति रुचि दिखाने लगे हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी बताया कि अभी भी कई लोग विधायिका के महत्व को पूरी तरह से नहीं समझते हैं। उन्होंने कहा कि हमें पुराने दृष्टिकोण को बदलने की आवश्यकता है और यह जिम्मेदारी हम सभी की है कि हम लोगों को विधायिका की कार्यप्रणाली से अवगत कराएं। नवीन प्रेस रूम को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। इसमें इलेक्ट्रॉनिक चैनलों के लिए बाइट देने की सुविधा के साथ-साथ फर्नीचर और तकनीकी सुविधाओं को भी उन्नत किया गया है। प्रेस रूम में तीन फोर शीटर सोफा, छह सिंगल शीटर सोफा, दो राउंड टेबल, टीवी, अलमारी, लैंप लाइट, तीन कंप्यूटर और तीन रिवॉल्विंग चेयर की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, सेंट्रलाइज्ड एयर कंडीशनर और झूमर से इसे सजाया गया है। प्रेस रूम में एक अतिरिक्त कक्ष भी तैयार किया गया है, जिसमें एक थ्री शीटर सोफा, दो सिंगल शीटर सोफा, महिला और पुरुष शौचालय, टीवी और 244 लीटर का डबल डोर रेफ्रिजरेटर शामिल है। पत्रकारों के लिए एक पेंट्री एरिया भी तैयार किया गया है। मीटिंग हॉल को विशेष रूप से बेहतरीन और कार्यात्मक बनाया गया है।

# बीमारी से परेशान बुजुर्ग महिला ने आग लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज कस्बे में पेट की गम्भीर बीमारी से परेशान बुजुर्ग महिला ने बीते सोमवार को प्लास्टिक की पिपिया में भरा रखा डीजल व मोबियल अपने ऊपर डालकर आग लगाकर आत्महत्या कर ली।जानकारी पाकर पुलिस मौके पर पहुंची तो परिजनो ने मृतका के शव का पीएम कराये जाने से मना कर दिया।

मोहनलालगंज कस्बे के मौरावां रोड पर बने मकान में बुजुर्ग किशाना देवी(80वर्ष) अपने बेटो के साथ रहती थी।बेटे लखन लाल ने बताया मां किशाना को पेट में गैंस बनने के चलते असहनीय पीड़ा होती थी ओर वो दर्द बर्दाश्त नही कर पाती थी,काफी इलाज कराने के बाद भी उन्हे आराम नही मिल पा रहा था,सोमवार की दोपहर को मां किशाना घर पर अकेली थी तभी उन्हे पेट में गैंस बनने पर असहनीय पीड़ा होने लगी बर्दाश्त ना कर पाने पर मां ने कमरे में प्लास्टिक की पिपिया में भरा रखा डीजल मिला हुआ मोबियल अपने ऊपर उड़ेल कर माचिस से आग लगा ली ओर धू-धू कर जलने लगी,मां की चीख पुकार सुनकर व कमरे से धआ निकलता देख मौके पर पहुंचे बेटे आग बुझाकर गम्भीर रूप से झुलसी बुजुर्ग मां को इलाज के लिये सीएचसी लेकर गये,जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरो ने सिविल अस्पताल इलाज के लिये रेफर किया लेकिन परिजन बुजुर्ग को घर लेकर चले आये,जहां देर शाम हालत बिगड़ने पर बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया।सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची तो बेटो ने बुजुर्ग मां के शव का पीएम कराये जाने से मना कर दिया जिसके बाद पुलिस ने बेटे से लिखित लेने के बाद शव को उनके सुपुर्द कर दिया।

# भारतीय पत्रकार सुरक्षा परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन एवं सम्मान समारोह

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। स्थानीय हिंदी साहित्य संस्थान हजरतगंज के निराला सभागार में भारतीय पत्रकार सुरक्षा परिषद का सातवां राष्ट्रीय अधिवेशन एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अशोक कुमार श्रीवास्तव जज बाराबंकी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मणिशंकर सिन्हा एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि तथा दीपप्रज्वालन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायिक मजिस्ट्रेट अशोक कुमार श्रीवास्तव ने पत्रकारों से समाज के निचले तबके के व्यक्तियों की आवाज को बिना किसी राग दोष एवं निष्पक्षता के साथ शासन प्रशासन तक पहुंचाने की अपील की तथा संगठन को हर तरह के सहयोग का आश्वासन दिया विशेष अतिथि के रूप में पधारे वरिष्ट पत्रकार एवं समूह संपादक मनोज कुमार मिश्र ने पत्रकार हितों के लिए उपस्थित सभी लोगों से एकजुट होने का आवाहन किया तथा संगठन की गतिशीलता के लिये अपनी शुभकामनाएं दी। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मणि शंकर सिंन्हा ने पत्रकारों की एकजुटता का आवाहन करते हुए समाज के हित के लिए एक होने की अपील करने के साथ साथ संगठन को बढ़ाने हेतु राकेश उपाध्याय को उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया और साधना जी को प्रदेश प्रभारी व लखनऊ हाईकोर्ट के एडवोकेट मिथिलेश जी को महिला प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं पंकज भैया जो भारतीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता भी हैं उन्होंने कहा की पत्रकार समाज का वह आइना है जो शासन एवं प्रशासन को बिल्कुल ही सटीक प्रतिबिंब दिखता है। मंच संचालन राष्ट्रीय महासचिव मस्तराम मिश्र ने किया तथा भारतीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के प्रदेश महामंत्री विमलेश कुमार त्रिपाठी ने सभी प्रदेशों से आए हुए पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुल्तान शहर यार खान, राष्ट्रीय सचिव संतोष मिश्रा, सोनभद्र जिला अध्यक्ष चिन्ता पाण्डेय, आशा जायसवाल, राष्ट्रीय सचिव श्याम नारायण दुबे, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव देवरिया, परवेज हिंदुस्तानी कुशीनगर, राकेश उपाध्याय सोनभद्र, रजनीश कुमार श्रीवास्तव प्रयागराज हाईकोर्ट एडवोकेट, साधाना श्रीवास्तव, जलज सिंह, प्रयागराज जिला अध्यक्ष शकील खान, प्रतापगढ़ जिला अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह,दीपांशु श्रीवास्तव, दीपम कुमार, विपिन कुमार, समृद्धि श्रीवास्तव, समेत बड़ी संख्या में पत्रकार एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार एवं संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नृपेंद्र सिंह श्रीवास्तव ने किया।

# 15हजार के ईनामी जालसाज को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज पुलिस ने असली किसानो की जगह नकली किसान खड़ा कर फर्जी दस्तावेजो के सहारे किसानो की बेशकीमती जमीनो की रजिस्ट्री करने वाले 15हजार रुपए के ईनामी जालसाज राज कुमार उर्फ लाल चन्द्र निवासी चोरहापुर मजरा अनैया खरगापुर थाना नगराम को मगंलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया जालसाज राज कुमार उर्फ लाल चन्द्र ने क्षेत्र के जैतीखेड़ा गांव निवासी लव सिंह की दो जमीनो को फरवरी माह में फर्जी किसान व प्रपत्रो के सहारे विक्रय कर लाखो रुपए हड़प लिये थे,जानकारी होने पर पीड़ित लव सिंह ने आरोपी राज कुमार समेत उसके साथियो पर धोखाधड़ी,जालसाजी समेत अन्य धाराओ में मुकदमें दर्ज कराये थे।25मई को पुलिस ने फर्जी किसान भगवती समेत मोहित व धीरज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।लेकिन जालसाज राजकुमार को गिरफ्तार करने में नाकाम रही थी।डीसीपी ने फरार जालसाज पर 15हजार रुपए का ईनाम घोषित करते हुये गिरफ्तारी के लिये सर्विलांस सेल समेत पुलिस टीमो को लगाया था।मगंलवार को सर्विलांस व पुलिस की संयुक्त टीमो ने ईनामी जालसाज राजकुमार उर्फ लालचन्द्र को निगोहां स्टेशन मोड़ से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# जेल में बंद किसान नेताओ की रिहाई को लेकर भाकियू ने कोतवाली में किया प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।गौतमबुद्धनगर में जेल में बंद आंदोलनकारी किसान नेताओ की सम्मान रिहाई की मांग समेत प्राधिकरणो की समस्याओ को लेकर भाकियू लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने मगंलवार को मोहनलालगंज कोतवाली में नारेबाजी करते हुये जोरदार धरना प्रदर्शन किया।प्रदर्शन के दौरान किसान नेता व कार्यकर्ता अपनी गिरफ्तारी देने पर अड़े रहे।जिसके बाद पुलिस ने किसान नेताओ समेत कार्यकर्ताओ को गिरफ्तार कर पुलिस बस से ईको गार्डेन भेज दिया।जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र वर्मा ने बताया जेल में बंद गौतमबुद्धनगर के किसानो की सम्मान रिहाई समेत तीन प्रधिकरणो की मांगो का मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह को सौंपा गया है।यदि प्रदेश सरकार ने किसान नेताओ को जेल से सम्मान रिहा ना किया तो भाकियू बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगी।

# डीएम ने रैन बसेरे का किया निरीक्षण,जरूरतमंदो को बांटे कंबल

**ग्रामीणो ने डीएम से भीषण ठंड के बाद भी तहसील क्षेत्र में चिन्हित सार्वजनिक स्थानो व चौराहो पर अलाव ना जलने की शिकायत**

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने मगंलवार की सुबह मोहनलालगंज पहुंचकर नगर पंचायत द्वारा कस्बे में बनाये गये रैन बसेरे का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार को निरीक्षण के दौरान रैन बसेरे में साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त मिली ओर बिस्तर भी साफ मिले।डीएम ने रैन बसेरे में पानी,गर्म पानी,शौचालय आदि व्यवस्थाओ को देखते हुये संबंधित अधिकारियो को दिशा निर्देश दियें।उन्होने कहा रैन बसेरे में आने वाले व्यक्तियो को सर्दी से बचाव के लिये रजाई कम्बल आदि की व्यवस्था मुहैया कराई जाये।यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी व्यक्ति खुले आसमान में रात ना बिताये।?से व्यक्तियो को तत्काल रैन बसेरे में ठहराया जाएं। ग्रामीणो ने भीषण ठंड पड़ने के बाद भी तहसील क्षेत्र के चिन्हित सार्वजनिक स्थानो व चौराहो स्थानो पर अलाव ना जलवाये जाने की शिकायत करते हुये नगर पंचायत द्वारा भी कुछ एक स्थानो पर अलाव जलवाये जाने की खानापूर्ति की जा रही है।डीएम ने मौके पर मौजूद एसडीएम बृजेश वर्मा व ईओ मनीष राय को निर्देश देते हुये कहा सार्वजनिक स्थलों एवं चौराहो पर अलाव जलाने की व्यवस्था शत प्रतिशत सुनिश्चित हो? इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जायें।डीएम ने रैन बसेरे का निरीक्षण करने के बाद एक दर्जन के करीब जरूरतमंदो को ठंड से बचाने के लिये कम्बलो का वितरण किया।निरीक्षण के दौरान एसडीएम बृजेश वर्मा,ईओ मनीष राय,चेयरमैन राजेश,प्रतिनिधि अजय पांडे मौजूद रहें

## तहसील क्षेत्र में अलाव जलवाये जाने के लिये चिन्हित स्थान.....

मोहनलालगंज तहसील गेट, खुझौली चौराहा, धरमावतखेड़ा मोड़ ,निगोहा बस स्टाप, मदापुर चौराहा, नगराम मोड़, राम गुलाम होटल के सामने (निगोहा), समेसी में मौर्या मार्केट, नगराम में नगर पंचायत कार्यालय, बैंक ऑफ इण्डिया, हरदोईया, गंगागंज सलेमपुर में अवधराम होटल, बहरौली में जवाहरलाल इण्टर कालेज, अमेठी में पंजाब नेशनल बैंक, काजियाना चैराहा, नवीनगर चौराहा, करोरा बाजार, कपेरा मदारपुर, गंगागज चौराहा, नरपतखेड़ा बाजार, शिवलर चौराहा, गजरिया फार्म तिराहा, हबुवापुर जेल के पास, गोंसाईगंज बस स्टाप व पावर हाउस के पास।

# युवक से सीएचओ के पद पर नियुक्ति कराने के नाम पर हड़पे चार लाख सत्तर हजार

**आलाधिकारियों के आदेश पर अमानत में ख्यानत की धारा में मुकदमा दर्ज**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित लोकबंधु अस्पताल में स्थित वन स्टाफ सेन्टर में केयर टेकर के रूप में कार्यरत महिला कर्मचारी सहित उसके एक साथी पर एक युवक ने सी०एच०ओ० के पद पर नियुक्ति कराने के नाम पर चार लाख सत्तर हजार रुपया आनलाइन हड़पने का आरोप लगा नामजद शिकायत कर पुलिस के आलाधिकारियों से मदद की गुहार लगाई है। वहीं स्थानीय कृष्णा नगर पुलिस ने आलाधिकारियों के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि मूल रूप से ग्राम व पोस्ट बिदोखर मेदनी, जनपद हमीरपुर का निवासी मो० रफीस खान पुत्र इस्माइल खान के अनुसार बीते वर्ष 2022 में सी०एच०ओ० के पद पर रिक्तियां आयी थी।जिसमें पीड़ित ने अपनी नफीसा बानों, स्वेता सिंह व मोहसिन खान को नियुक्ति कराने हेतु समस्त औपचारिकताप पूर्ण करके आवेदन किया था।नफीसा बानों के साथ केयर टेकर के पद पर हेमलता वन स्टाफ सेन्टर आशियाना थाना कृष्णानगर जनपद लखनऊ में कार्यरत है हेमलता ने नफीसा बानों को बताया कि किसी बात की चिंता मत करना मेरे जानने वाले मनोज वर्मा जिनका मैं उनसे कहकर सी०एच०ओ० के पद पर नियामित नियुक्त करवा दूंगा। यह कि प्रार्थी ने नफीसा बानी, स्वैता व मोहसिन खान को सी०एच०ओ० के पद पर नियुक्ति कराने हेतु मनोज वर्मा के खाते में ऑनलाइन कुल रुपया चार लाख सत्तर हजार रुपये भेजा गया।यह कि जब नफीसा बानों, स्वेता व मोहसिन खान की नियुक्ति सी०एच०ओ० पद पर नहीं हो पाया तो प्रार्थी द्वारा दिया गया रूपया वापस मांगा तो उसके द्वारा लगातार आश्वासन पर आश्वसन दिया जा रहा है, ज्यादा दबाव डालने पर पैसा देने से साफ साफ मना कर दिया गया।जिसकी शिकायत उसने पुलिस महानिदेशक , उत्तर प्रदेश सिग्नेचर भवन, गोमतीमगर विस्तार, लखनऊ में पहुंच मदद की गुहार लगाई। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर आलाधिकारियों के आदेश पर अमानत में ख्यानत की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# दबंगों ने जबरन घर में घुस महिला से की अभद्रता-मारपीट

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला के घर जबरन घुस दबंगों ने अभद्रता मारपीट करने के साथ उसे घर छोड़कर भाग जाने की हिदायत दे जान से मारने की धमकी दी है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित बंगला बाजार निवासिनी समापरवीन पत्नी मो० उमर के अनुसार बीते सोमवार 16 दिसम्बर की दोपहर करीब 11 बजे वह अपने दोनो बच्चों के साथ घर का काम कर रही थी उस दौरान अचानक मो० अब्बास मो० कलीम व इमरान एवं 3-4 अन्य लोगों के साथ उसके घर में जबरन घुस पीड़िता सहित उसके बच्चों संग गाली गलौज मारपीट करने के साथ उसे घर छोड़कर भाग जाने की हिदायत दे जान से मारने की धमकी देने लगे।

# रहमान खेड़ा में पहली बार कैमरे में कैद हुआ बाघ, क्षेत्र में दहशत

**वन विभाग की तीन टीमें बाघ की लोकेशन का पता लगाने में जुटी**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहमान खेड़ा के पास बाघ की तस्वीर कैद हो गई है। मंगलवार को गाड़ी से जा रहे केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के कर्मचारी ने मोबाइल फोन से उसकी फोटो खींची और आठ सेकेंड का वीडियो भी बनाया।

उधर, काकोरी रहमान खेड़ा के केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के ब्लॉक नंबर चार से आगे बढ़कर करीब चार किलोमीटर दूर बाघ ने हलुवापुर गांव में सोमवार सुबह नील गाय के बच्चे का शिकार किया। गले पर हमलाकर उसे मारने के बाद खाए बिना ही छोड़कर चला गया। मृत नील गाय का शव देर रात वहीं पड़ा है, ऐसा इसलिए कि अगर बाघ उसे खाने आता है तो उसकी घेराबंदी की जा सके।



कैमरे में कैद हुई बाघ की तस्वीर

हालांकि हलुवापुर में बाघ के पगमार्क नहीं मिले हैं, इसलिए वन विभाग यह तय नहीं कर पा रहा है कि बाघ ने नील गाय को मारा है या किसी अन्य जानवर ने की है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि बाघ ने ही हमला किया है और उन्होंने उसे देखा है।

## लगातार मिल रहे थे बाघ के पगचिन्ह

गांवों तक सुनाई दी दहाड़ :रहमान खेड़ा के जंगलों में पिछले दो सप्ताह से बाघ की मौजूदगी से सन्नाटा पसरा हुआ है. ऐसा माहौल बन गया है कि जंगल में अन्य पशु पक्षियों की चहल कदमी और आहट में कमी दिख रही है. रहमान खेड़ा जंगल के करीब ही गुरुदीन खेड़ा गांव के ग्रामीण अपने खेतों की तरफ गए तभी खेतों में बाघ के पगचिन्ह देख वापस लौट आए और घटना की जानकारी वन विभाग को दी।

## बाघ को ट्रैक करने की कोशिश में वन विभाग

वन विभाग और वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया की संयुक्त टीम ड्रोन और नाइट विजन कैमरों के जरिये बाघ को ट्रैक कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पर्चे बांटकर लोगों को बाघ से बचाव के उपाय बताए गए हैं। इसके अलावा रहमान खेड़ा स्थित केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के फार्म की नाकाबंदी कर दी गई है। यहां केवल वन विभाग और पुलिस अधिकारियों को प्रवेश की अनुमति दी गई है। वन विभाग की टीमें इलाके में गश्त कर रही हैं और बाघ को जल्द से जल्द पकड़ने की कोशिशें तेज कर दी गई हैं।

## ग्रामीणों को दी गई सलाह

अवध वन प्रभाग के डीएफओ सितांशु पांडे के नेतृत्व में वन विभाग की टीमें लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए 12 ट्रैप कैमरे, 2 ट्रैपिंग केज और थर्मल ड्रोन कैमरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। टीमों ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है और उन्हें रात के समय बाहर न जाने व बच्चों और मवेशियों को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं।

# रहीमाबाद में तैनात मुख्य आरक्षी की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कैंसर की बीमारी से जूझ रहे लखनऊ के रहीमाबाद थाना में तैनात मुख्य आरक्षी की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन विलाप करते हुए लखनऊ पहुंचे। सुल्तानपुर जनपद निवासी संतोष सिंह करीब एक साल से रहीमाबाद थाने में मुख्य आरक्षी पद पर तैनात थे। रहीमाबाद थाने पर तैनात मुख्य आरक्षी संतोष कुमार सिंह का लखनऊ पीजीआई अस्पताल में कैंसर के इलाज के दौरान मंगलवार दोपहर मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक संतोष कुमार सिंह 1995 बैच में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे उसके बाद उनका प्रमोशन मुख्य आरक्षी पद पर हुआ था। जल्द ही वह सब इंस्पेक्टर बनने वाले थे उनके मुंह में करीब तीन माह पूर्व कैंसर की शिकायत हुई थी। जिसका इलाज पीजीआई लखनऊ में चल रहा था। सोमवार दोपहर को इलाज के दौरान संतोष कुमार सिंह की मौत हो गई। संतोष सिंह नेक दिल हसमुख मिजाज के व्यक्ति थे। परिवार में बेटा हिमांशु , एक बेटी और पत्नी है मौत की खबर सुनते ही उन सब का रो-रो कर बुरा हाल है। रहीमाबाद थाने के पूरे स्टाफ ने उनकी मौत पर शोक संवेदनाएं व्यक्ति की। लखनऊ पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सिंह सेंगर की ओर से मुख्य आरक्षी की मौत पर परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की गई है।

## भूमि की नापजोख कराने की एसडीएम से किसान ने लगाई गुहार

**अमन लेखनी समाचार**

बांगरमऊ, उन्नाव। लेखपाल द्वारा की गई पैमाईश को गलत करार देते हुए खेत स्वामी ने प्रार्थना पत्र देकर एस डी एम से नापजोख रद्द कर दोबारा नाप कराने की मांग की है। बांगरमऊ के मोहल्ला पटेल नगर निवासी खालिक पुत्र अली हसन ने उपजिलाधिकारी को पत्र देकर कहा है कि उसकी भूमि बाहर नगर पालिका तहसील भवन के निकट है यहां लेखपाल ने गलत नापजोख की है जिससे मौके पर उसकी भूमि कम हो रही है।पीड़ित ने पूर्व की नापजोख को निरस्त कर दोबारा सही तरीके से नाप कराने की मांग की है।

## स्थगन आदेश होने के बावजूद पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय का निर्माण कार्य शुरू करा देने से अवमानना याचिका दायर

**अमन लेखनी समाचार**

बांगरमऊ, उन्नाव। उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ से स्थगन आदेश होने के बावजूद पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय का निर्माण कार्य शुरू करा देने से क्षुब्ध राहुल आदि ने अवमानना याचिका दायर कर जिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी को पक्षकार बनाया है।जिसकी सुनवाई 17 दिसंबर 2024 को होगी। मालूम हो कि संडीला मार्ग पर स्थित तहसील के समीप पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय का निर्माण कार्य राहुल आदि की भूमि पर हुआ था।जिसके खिलाफ राहुल व अन्य 10 लोगों ने उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ के वरिष्ठ अधिवक्ता फारूक अहमद एडवोकेट के माध्यम से रिट याचिका उच्च न्यायालय की खंडपीठ लखनऊ में दायर की थी। जिसमें 5 जुलाई 2023 को उच्च न्यायालय ने निर्माण कार्य पर रोक लगा दी थी।और उप जिलाधिकारी बांगरमऊ को निर्देशित किया था कि याचीगणों राहुल आदि की भूमि का चिन्हांकन करें और फिर उसके बाद निर्माण कार्य करें। स्थगन आदेश के बावजूद नवंबर 2024 में उप जिलाधिकारी बांगरमऊ ने निर्माण कार्य पुन शुरू करा दिया।जिससे क्षुब्ध होकर राहुल, सुऐब, मुफीस आदि ने अवमानना याचिका 10 दिसंबर 2024 को दायर की जिसमें जिलाधिकारी उन्नाव गौरांग राठी व उप जिलाधिकारी बांगरमऊ नम्रता सिंह को पक्षकार बनाया गया है।जिसकी सुनवाई 17 दिसंबर 2024 को उच्च न्यायालय की खंडपीठ लखनऊ में होगी।

## किसानों ने दी सांकेतिक गिरफ्तारी

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। दिल्ली कूच कर रहे किसानों को बॉर्डर पर रोके जाने वा जेल जाने के विरोध में किसान यूनियन के कार्यकताओं ने दी सांकेतिक गिरफ्तारी । थाना असोहा में भारतीय किसाम यूनियन के तहसील अध्यक्ष सुनील शुक्ल के नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के लगभग दो दर्जन किसानों ने थाने पहुंच कर अम्बेडकर नगर में किसानों की गिरफ्तारी के विरोध में सांकेतिक गिरफ्तारी दी अध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि यदि किसानो को रिहा नही किया तो किसान यूनियन के कार्यकर्ता आर पार की लड़ाई लड़ेगा।

# देवर सगी भाभी की हत्या कर भागा, पुलिस मुठभेड़ में हुआ घायल

**अमन लेखनी समाचार**

सफीपुर, उन्नाव।थाना आसीवन क्षेत्र के विजयखेड़ा गांव में बीती देर रात देवर ने अपनी सही भाभी पर ईंट से वार कर मौत के घाट उतार दिया आरोपी मौके से भाग निकला।घटना की जानकारी मृतका के पति ने थाना पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के जिला अस्पताल भेज दिया मुखबिर की सूचना पर आरोपी को पुलिस ने दूसरे गांव के पास से गिरफ्तार करने का प्रयास किया लेकिन उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, आत्मरक्षा में पुलिस ने फायरिंग की तो आरोपी घायल हो गया। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना आसीवन क्षेत्र के विजय खेड़ा निवासी रोहित 27 वर्ष पुत्र



साहब लाल ने अपनी भाभी मीना 40 वर्ष की हत्या कर मौके से भाग निकला घटना की सूचना मिलते ही आसीवन पुलिस तुरंत सक्रिय हो गई और जांच पड़ताल शुरू कर दी।पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर मृतका के शव को कब्जे में लिया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया पुलिस ने मृतका के पति हरिश्चंद्र की तहरीर पर मामला दर्ज किया। मृतका के पति ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी की हत्या ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया। इसके बाद पुलिस ने हत्या के आरोपी रोहित की तलाश शुरू की।

कुछ समय बाद पुलिस को यह सूचना मिली कि आरोपी रोहित कुड़वा खेड़ा मोड़ के पास खड़ा है।यह सूचना मिलने के बाद आसीवन पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार करने का प्रयास किया। लेकिन रोहित ने पुलिस टीम पर हमला कर भागने की कोशिश की। आरोपी की इस हरकत के बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस ने घायल आरोपी को पकड़ लिया और उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस नेआरोपी का उपचार कराकर उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने बताया कि अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## पहले से शादी शुदा लाभ लेने के लिया मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में जोड़ा हुआ शामिल

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। मोहान विधानसभा क्षेत्र के छोटा खेड़ा गांव स्थित राम सिंह लालता सिंह इंटर कॉलेज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत विवाह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एक अजीब मामला सामने आया, जब दयालपुर निवासी सूरज और मुन्नी खेड़ा निवासी रोहनी ने एक महीने पहले ही शादी कर ली थी, लेकिन इस कार्यक्रम में शामिल होकर दोबारा विवाह किया और सरकार से मिलने वाली सामग्री भी प्राप्त की।सूरज और रोहनी पहले से शादीशुदा थे, लेकिन सूरज ने अपना पता बदलवाकर इस योजना में भाग लिया। इसके बाद, दोनों ने सामूहिक विवाह के मंडप में दोबारा शादी की और सरकार की तरफ से मिलने वाली सामग्री भी ले ली। यह मामला विशेष रूप से चौंकाने वाला था, क्योंकि योजना का उद्देश्य केवल गरीब और जरूरतमंद जोड़ों को लाभ पहुंचाना था।समाज कल्याण अधिकारी प्रमेंद्र ने इस मामले की जांच शुरू की और ग्राम पंचायत अधिकारी दीपक मिश्रा को मामले की गहन जांच करने का आदेश दिया। जांच में यह पाया गया कि सूरज और रोहनी पहले से शादीशुदा थे, और उन्होंने धोखाधड़ी के तहत दोबारा शादी रजिस्टर कराई थी। इसके बाद अधिकारियों ने दंपति से सरकार द्वारा दी गई सामग्री वापस ले ली और उनका रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन निरस्त कर दिया।सूरज के परिवार में दो छोटे बच्चे भी हैं, पांच वर्षीय यश और तीन वर्षीय सनी, जो मामले को और भी गंभीर बना देते हैं। अधिकारियों ने इस मुद्दे को गहरी गंभीरता से लिया और कार्रवाई की प्रक्रिया को तेज कर दिया।खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने पुष्टि करते हुए कहा कि दंपति का सामान वापस ले लिया गया है और रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया है। सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने इस घटना पर टिप्पणी करते हुए कहा कि इस मामले में कार्रवाई की जा रही है।साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में इस तरह के मामलों से बचने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे, ताकि कोई और इस प्रकार की धोखाधड़ी न कर सके।

## खड़ी बस से वैन टकराई चालक समेत 4 शिक्षक घायल

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव।अचलगंज थाना क्षेत्र के उन्नाव-लालगंज मार्ग पर बेघर गांव के पास शिक्षकों को लेकर जा रही एक वैन हाईवे पर अवैध रूप से खड़ी एक बस से टकरा गई। इस भीषण टक्कर के कारण वैन में सवार पांच लोग घायल हो गए, जिनमें वैन चालक और चार शिक्षक शामिल हैं। इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और अवैध पार्किंग के मुद्दे को तूल दिया है।घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल शिक्षकों को वैन से बाहर निकाला।जिनमें से तीन को गंभीर चोटें आईं। आनन-फानन में घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा गया।सूचना मिलते ही उन्नाव के बेसिक शिक्षा अधिकारी बी एस ए संगीता सिंह भी अस्पताल पहुंचीं और घायलों का हालचाल लिया अस्पताल प्रशासन से उनकी त्वरित चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की। पुलिस की जांच के अनुसार वैन में पांच लोग सवार थे, जो शिक्षकों का समूह था और किसी शैक्षिक कार्य के लिए यात्रा कर रहे थे। दुर्घटना उस समय हुई जब वैन तेज गति से चल रही थी और अचानक अवैध रूप से खड़ी एक बस से टकरा गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस बिना किसी चेतावनी के हाईवे पर खड़ी थी, जिसके कारण वैन चालक के पास कोई समय नहीं था और वह बस से टकरा गया। हादसा होते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस और एम्बुलेंस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच शुरू कर दी। बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह ने भी इस घटना को गंभीरता से लिया और शिक्षा विभाग की तरफ से घायल शिक्षकों की मदद का आश्वासन दिया।

# राज्य सेतु निगम ने प्रशासन से रूट डायवर्जन की मांग

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। बैराज मार्ग पर बनने वाले आरओबी (रेलवे ओवर ब्रिज) की जद में यातायात आ रहा है, जिससे आरओबी का कार्य पिछड़ रहा है। राज्यसेतु निगम ने प्रशासन से रूट डायवर्जन की मांग की, लेकिन कोई हल नहीं निकला। अब राज्यसेतु निगम ने बैराज पर आने-जाने वाले यातायात को सहजनी के रास्ते ट्रांस गंगासिटी से गुजरने के लिए यूपीसीडा से परमिशन लेने का निर्णय लिया है। विभागीय अधिकारी इस संबंध में पत्राचार कर रहे हैं।सरैयां क्रासिंग से मरहला चौराहा की तरफ बनने वाले पिलरों पर वीम का काम राज्यसेतु निगम ने शुरू कर दिया है। हालांकि, चौराहा पर होने वाले कार्य की रूपरेखा यातायात रूट डायवर्ट न होने के कारण लटकी हुई है। करीब बीस दिन पहले एसडीएम क्षितिज द्विवेदी और सीओ सिटी सोनम सिंह ने राज्यसेतु निगम के एई धमेन्द्र कुमार और पीडब्ल्यूडी के जेई के साथ चौराहा का निरीक्षण किया था और रूट डायवर्जन पर चर्चा की थी।गुजरने वाले भारी यातायात को चार महीने तक डायवर्ट करने पर प्रशासन के साथ सहमति नहीं बन पाई। इसके बाद, आरओबी कार्य को शुरू करने के लिए राज्यसेतु निगम ने प्रशासनिक अधिकारियों की सलाह पर यूपीसीडा से पत्राचार करने का फैसला लिया है।एई धमेन्द्र कुमार ने बताया कि बैराज पर आने-जाने वाले ट्रैफिक को सहजनी मार्ग से ट्रांस गंगासिटी गेट 2 से निकालने पर विचार किया गया है और इस संबंध में यूपीसीडा महाप्रबंधक से पत्राचार किया गया है।यदि यूपीसीडा से परमिशन मिलती है तो प्रशासन को रूट डायवर्जन के लिए अवगत कराया जाएगा और चौराहा पर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। यदि यातायात डायवर्ट किया जाता है तो वाहन सवारों को करीब पांच किलोमीटर अधिक यात्रा करनी पड़ेगी, क्योंकि उन्हें सहजनी तक चक्कर काटने होंगे।विभागीय अधिकारी जल्द से जल्द पिलर बनाने की कार्ययोजना में जुटे हुए हैं। रूट डायवर्जन होते ही आरओबी का निर्माण रात-दिन कराया जाएगा, जिससे चार माह में काम पूरा कर लिया जाएगा।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात व्यवस्था में किया गया बदलाव

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। राष्ट्रीय राजमार्ग 27 (NH-27) पर लखनऊ से कानपुर जाने वाले मार्ग पर आज से सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे इस कार्य के कारण सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।निर्माण कार्य के चलते लखनऊ से कानपुर जाने वाले वाहन केवल एक लाइन से ही गुजर सकेंगे। यह कार्य थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत इंडियन होटल से गदन खेड़ा चौराहे तक चल रहा है। इस वजह से यातायात धीमा रहेगा और यात्रियों को ज्यादा समय लग सकता है।यातायात प्रभारी भुवन सिंह मौर्य ने बताया कि सिंगल लाइन में वाहनों को चलाने की व्यवस्था की गई है, ताकि काम जल्द पूरा हो। उन्होंने यात्रियों को सलाह दी है कि इस मार्ग पर यात्रा से पहले ट्रैफिक की जानकारी ले लें और समय से पहले अपनी यात्रा की योजना बनाएं।यातायात को सुचारू रखने के लिए एसपी दीपक भूकर ने अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा, ₹निर्माण कार्य के दौरान वाहन सवारों को कम से कम परेशानी हो, यह सुनिश्चित करने के लिए पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे और यातायात को नियंत्रित करेंगे।₹निर्माण क्षेत्र में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहन चालकों को धीमी गति से चलने की सलाह दी गई है।साथ ही, उन्हें ट्रैफिक सिग्नल और पुलिस के निदेर्शों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। यात्री सावधानी बरतें ताकि निर्माण कार्य बिना किसी रुकावट के पूरा हो सके।

## तीन युवकों पर दर्ज हुआ गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा

**अमन लेखनी समाचार**




सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अंतर्गत तीन अभियुक्तों पर गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा हुआ दर्ज थाना बारासगवर अन्तर्गत क्षेत्र में अपराध कारित कर रहे तीन अभियुक्तों पर थाना प्रभारी ने जिलाधिकारी के अनुमोदन उपरांत गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज करवाया।थाना प्रभारी धर्मेन्द्रनाथ मिश्र ने बताया कि वह मय हमराह का0 नरेन्द्र सिंह थाना क्षेत्र का भ्रमण कर रहे थे तभी पता चला कि अभियुक्त अरविन्द यादव पुत्र सूघर लाल यादव ग्राम घनश्यामखेडा थाना अचलगंज जनपद उम्र 34 वर्ष थाना क्षेत्र बारासगवर जनपद उन्नाव का एक सुसंगठित गिरोह है तथा अरविन्द यादव स्वयं इस गिरोह का लीडर है जिसके गिरोह मे सदस्य अभिषेक यादव पुत्र हरिकिशोर यादव मूल निवासी घनश्यामखेडा थाना अचलगंज जनपद उन्नाव व हाल पता 739 इन्दानगर वार्ड नं0-7 थाना कोतवाली जनपद उन्नाव उम्र 23 वर्ष, सोनू यादव पुत्र रामसागर निवासी ग्राम बैरियनखेडा थाना बिहार जनपद उन्नाव उम्र 25 वर्ष यह गिरोह स्वयं अपने साथियो के साथ मिलकर अपने आर्थिक व भौतिक दुनयाबी लाभ के लिए क्षेत्र मे गांजा की बिक्री करना जैसे गंभीर अपराध कारित करता रहा है।।इस गिरोह का क्षेत्र में भय व आतंक व्याप्त है कि जनता का कोई भी व्यक्ति इनके विरुद्ध थाने पर मुकदमा लिखाने व न्यायालय मे गवाही देने का साहस नही कर पाता। इस गिरोह का चार्ट जिला मजिस्ट्रेट महोदय उन्नाव द्वारा अनुमोदित कराया जा चुका है व संलग्न स्वीकृत शुदा गैंग चार्ट उक्त गिरोह के विरुद्ध धारा 3(1) 30प्र0 समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 का अभियोग पंजीकृत किया गया उपरोक्त अभियुक्तगणों के विरुद्ध अनुमोदित गैंग चार्ट के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## सरकारी कार्य में बाधक बने दबंगो पर ग्राम प्रधान ने दर्ज कराया मुकदमा

**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव।थाना बारासगवर अंतर्गत चकरोड बनवाते समय दबंगो द्वारा कार्य रोकने पर ग्राम प्रधान ने दर्ज कराया मुकदमा। थाना बारासगवर के गाँव बाबूखेडा ग्राम पंचायत लालखेडा के प्रधान कृष्णदेव सिंह कृष्ण देव सिंह पुत्र विक्रम सिंह ने तहरीर देते हुए बताया कि वह जब ग्रामसभा के गाटा संख्या 88 जो राजस्व अभिलेखो में चकमार्ग दर्ज है चकमार्ग बनवा रहा था तभी चकमार्ग पर कब्जा किये हुए गोविन्द पुत्र बृजलाल नि० लालखेडा व नन्हकउ पुत्र श्री केशन नि० चहलहा व अनिल पुत्र नन्हकउ नि० चहलहा राम करन पुत्र रामेश्वर नि० चहलहा द्वारा लाठी डंडे व धारदार




हथियार लेकर मुझे व मनरेगा श्रमिकों को गाली गलौज करके भगा दिया व जान से मार देने की धमकी भी दी। थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया ग्राम प्रधान की तहरीर पर नामित ब्यक्तियो पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## कार की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव।लखनऊ कानपुर नेशनल हाईवे के नवीन मंडी के पास एक तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया है और शिनाख्त के प्रयास कर रही है। सोशल मीडिया पर फोटो देख परिजन मोर्चरी हाउस पहुंचे और शिनाख्त की। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के नवीन मंडी के पास लखनऊ कानपुर नेशनल हाईवे से एक साइकिल सवार युवक जा रहा था।इसी दौरान सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दी।पुलिस मौके पर पहुंची और उसे एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शिनाख्त करने के प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।इसके बाद शव को मोर्चरी में रखवाया। मंगलवार को अचलगंज थाना क्षेत्र के पडरी कला के रहने वाले करुणा शंकर के बेटे ने पिता के रूप में शव की शिनाख्त की। बेटे ने बताया कि वह जरूरी काम से घर से बाहर निकले थे। सोशल मीडिया के माध्यम से हादसे की जानकारी हुई। मृतक करुणा शंकर खेती किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे।मृतक के तीन बेटियां, एक बेटा है।पुलिस ने जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई की है।

## बीड़ी के टुकड़े से लगी आग, आग की चपेट से वृद्ध महिला की मौत

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के होशियार नगर मोहल्ले में रहने वाली एक वृद्धा सिगरेट-बीड़ी का सेवन करने के बाद सो गई। इसी दरम्यान चिंगारी से बिस्तर में आग लग गयी। इससे झुलसकर वृद्धा की मौत हो गई। घटना की जानकारी पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही जांच पड़ताल की है।जानकारी के अनुसार होशियार नगर निवासी बिट्टी (80) पत्नी स्व. मोहन सोमवार की रात घर मे सोने से पहले सिगरेट-बीड़ी का सेवन करने के बाद लेट गईं। कुछ समय बाद अचानक बिस्तर में चिंगारी से आग लग गई। धीमे-धीमे आग लगने से बिकराल रूप ले लिया। आग की चपेट में आने से वृद्धा की झुलस कर मौत हो गई।मंगलवार सुबह जब परिजनों ने देखा तो मृत अवस्था में मिली। परिजनों ने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद मोहल्ले के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मृतका के चार बेटियां, तीन बेटे है। मोर्चरी हॉउस पहुंचे परिजन रो-रोकर बेहाल होते रहे। घटना को लेकर पुलिस कई पहलुओं पर जांच पड़ताल कर रही है। वहीं परिजनों ने बताया कि उन्हें रात घटना की जानकारी ही नहीं हो सकी।

## धड़ल्ले से किया जा रहा हरे भरे वृक्षों का काटन

**अमन लेखनी समाचार**

बांगरमऊ, उन्नाव।स्थानीय लोगों द्वारा सार्वजनिक स्थान से अनेकों पेड़ो को लकड़ी कारोबारी के हाथों बेचकर कटान करवाया गया जिसकी चर्चा लोगो में होती रही कटान का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।बांगरमऊ के गांव जगत नगर के निकट मेला आलमशाह की सार्वजनिक भूमि है जिसपर एक समुदाय विशेष के लोगो द्वारा शव आदि दफ्न किए जाते है इसी भूमि पर अनेकों हरे पेड़ खड़े हुए थे चर्चा है इन पेड़ो कुछ लोगो ने मिलकर लगभग एक दर्जन पेड़ो को किसी लकड़ी कारोबारी के हाथों बेचकर धनराशि प्राप्त कर ली गई जिससे सार्वजनिक भूमि से पेड़ काटे जाने की चर्चा पूरे दिन लोगो में होती रही। इस लकड़ी कटान का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है हालांकि मीडिया संस्थान वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।मंगलवार को सुबह शुरू हुआ लकड़ी कटान दिनभर चलता रहा जिससे सारे दिन लोगो में चर्चाओ का दौर चलता रहा। मामले की जानकारी हेतु मंगलवार दोपहर बाद क्षेत्रीय लेखपाल प्रवीण को फोन लगाया गया किंतु उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ने की बैठक



**अमन लेखनी समाचार**

बाबागंज, बहराइच। उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ इकाई नवाबगंज की एक आवश्यक मीटिंग ब्लॉक संसाधन केंद्र बाबागंज में आयोजित की गयी। बैठक में सदस्यता शुल्क, शिक्षक चयन वेतनमान, संगठन विस्तार आदि मुद्दों पर चर्चा की गयी,मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे संघ अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओ कों साझा किया और उसे चरणबद्ध दूर करने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अमिताभ शंकर त्रिपाठी, ब्लॉक उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, शर्मेंद्र सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष हरेंद्र चौधरी, अभय कुमार त्रिपाठी, त्रिलोकी नाथ, संदीप कुमार, सुरेंद्र कुमार, कांत भारती, मोहम्मद् साबिर, आदि सम्मानित शिक्षक साथियों ने अपने अपने विचार रखे। बैठक का सफल संचालन जिला संयुक्त मंत्री एवं ब्लॉक मंत्री धर्मेंद्र पाल के द्वारा किया। सुमित शुक्ला, दिनेश कुमार, गीता देवी, अंकुर श्योरान, मोहम्मद् इलियास, बच्चराज, सूर्यकांत आदि अन्य शिक्षक उपस्थिति रहे।

## ब्राह्मण वेलफेयर महासभा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हुआ भव्य स्वागत

**अमन लेखनी समाचार**



बाबागंज, बहराइच। ब्राह्मण वेलफेयर महासभा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र सहित नव नियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों का स्वागत युवा समाजसेवी पवन पाण्डेय भाऊ के नेतृत्व में रविवार को बिशेश्वरगंज में किया गया।मिली जानकारी के मुताबिक ब्राह्मण वेलफेयर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सहित नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री राजीव तिवारी, कोषाध्यक्ष शरद शुक्ल, प्रदेश संगठन मंत्री रवि मोहन शुक्ल व उपाध्यक्ष शिव शंकर पाठक का स्वागत किया गया।इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र ने कहा कि महासभा ब्राह्मण समाज के पिछड़े, वंचित व निराश्रितों के उत्थान के लिए कार्य करेगा। मौके पर दुर्गेश शुक्ल, चंदन शुक्ल, संजीव मिश्र, अरविंद पाण्डेय, सौरभ शुक्ल, संचित शुक्ल, आलोक पाण्डेय, सुभाष चन्द्र शुक्ल, विवेक शुक्ल, पंडित लल्लू शुक्ल, सूरज पाण्डेय मोहित मिश्र, अनिल कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ने की बैठक

**अमन लेखनी समाचार**

बाबागंज, बहराइच।उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ इकाई नवाबगंज की एक आवश्यक मीटिंग ब्लॉक संसाधन केंद्र बाबागंज में आयोजित की गयी। बैठक में सदस्यता शुल्क, शिक्षक चयन वेतनमान, संगठन विस्तार आदि मुद्दों पर चर्चा की गयी,मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे संघ अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओ कों साझा किया और उसे चरणबद्ध दूर करने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अमिताभ शंकर त्रिपाठी, ब्लॉक उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, शर्मेंद्र सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष हरेंद्र चौधरी, अभय कुमार त्रिपाठी, त्रिलोकी नाथ, संदीप कुमार, सुरेंद्र कुमार, कांत भारती, मोहम्मद् साबिर, आदि सम्मानित शिक्षक साथियों ने अपने अपने विचार रखे। बैठक का सफल संचालन जिला संयुक्त मंत्री एवं ब्लॉक मंत्री धर्मेंद्र पाल के द्वारा किया। सुमित शुक्ला, दिनेश कुमार, गीता देवी, अंकुर श्योरान, मोहम्मद् इलियास, बच्चराज, सूर्यकांत आदि अन्य शिक्षक उपस्थिति रहे।

# रामराज्य की परिकल्पना की प्रतिमूर्ति चौधरी मित्रसेन आर्य



डॉ. सुशील टाया

*परिवर्तिनि संसारे मृतः को वा न जायते।*
*स जातो येन जातेन याति वंशः समुन्नतिम् ।।*

इस परिवर्तनशील संसार में हर मनुष्य का जन्म-मरण निश्चित है। परंतु उसी मनुष्य का जीवन सार्थक है, जिसके कार्यों से उसका परिवार ,समाज व राष्ट्र उन्नति करता है। ऐसे आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति, आदर्श पिता, आदर्श मित्र, आदर्श इंसान, आदर्श गृहस्थ, आदर्श समाजसेवी, आदर्श व्यवसायिक, आदर्श वेदानुगामी चौ. मित्रसेन आर्य जी ने पुरुषार्थ के बल पर शून्य से शिखर तक का सफर तय किया। गृहस्थ होते हुए भी पूरा जीवन संन्यासी की तरह जीवनयापन करने वाले चौधरी साहब ने समाज में ऐसे आदर्श स्थापित किए हैं,अगर उन द्वारा स्थापित आदर्श का अनुसरण किया जाए तो रामराज्य की परिकल्पना साकार हो सकती है।

हम सब एक-दूसरे को मित्र की दृष्टि से देखें और अपना कर्म सत्य, संयम और सेवाभाव से करने के सिद्धांत का पालन करने वाले चौधरी मित्रसेन आर्य जी पूरे देश-विदेश में किसी परिचय के मोहताज नहीं। चौधरी मित्रसेन आर्य जी का जन्म 15 दिसंबर,1931 को हिसार जिले के गांव खांडाखेड़ी में चौधरी शीशराम आर्य जी के घर हुआ था। किसी ने सोचा नहीं था कि यह ओजस्वी बालक एक दिन अपने पुरुषार्थ के बल पर अपने माता-पिता, गांव ,प्रदेश व देश का नाम रोशन करेगा। उनके जीवन का आधार उनके पूर्वजों के संस्कार थे। उनका जन्म ऐसे निस्वार्थ, देश-प्रेमी, संस्कारी और तपस्वी पिता के घर हुआ था जिनका नाम आर्य समाज में बड़े आदर व मान सम्मान से लिया जाता था। यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि चौधरी शीशराम आर्य जी आर्य समाज के विचारों के प्रकाश पुंज के समान थे। कर्महीनता और आलस्य को सबसे बड़ा अपराध मानने वाले चौधरी साहब जब 10 वर्ष के थे तब आपके पिता चौधरी शीशराम जी की आंखों की रोशनी काला मोतिया के कारण सदा के लिए चली गई। बाल्यकाल में ही परिवार की जिम्मेदारी आपके कंधों पर आ गई जिसके कारण इन्हें अपनी पढ़ाई छोड़नी पड़ी लेकिन परिवार के संस्कार ऐसे थे कि इन्होंने कभी स्वाध्याय नहीं छोड़ा। इन्होंने घर पर रहकर ही वेदों, शास्त्रों, आर्ष साहित्य,सत्यार्थ प्रकाश, रामायण आदि का अध्ययन किया। इनके जीवन पर वैदिक संस्कृति, महर्षि दयानंद और सत्यार्थ प्रकाश का गहरा प्रभाव था। उनका मानना था कि सफलता का मूल मंत्र है आस्तिक भाव से ईश्वरीय सत्ता को स्वीकार करते हुए नेक इरादे और सच्चे मन से हंसते-हंसते पुरुषार्थ करना। आप काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, आलस्य, अभाव, अज्ञान और अन्याय को व्यक्ति का सबसे बड़ा शत्रु मानते थे। अपने जीवन में सत्य, पुरुषार्थ और ईश्वर की आस्तिकता के बल पर जीवन में शून्य से शिखर तक की यात्रा करने वाले चौधरी मित्रसेन आर्य जी ने जीवन में यश, प्रतिष्ठा और ऐश्वर्या प्राप्त किया, लेकिन कभी भी अहंकार इन्हें छू नहीं पाया। अथर्ववेद में कहा गया है कृतं में दक्षिणे हस्ते जयो में सव्य आहितः अर्थात यदि मेरे दायें हाथ में कर्म है तो बायें हाथ में विजय सुरक्षित हैं। चौधरी साहब ने अपने जीवन में इसी मंत्र को आत्मसात करते हुए कर्म को प्रधानता दी। जीवन में कैसी भी परिस्थिति आई हो चौधरी साहब ने कभी धर्म का रास्ता नहीं छोड़ा क्योंकि उन पर वेदों, उपनिषदों, शास्त्रों, रामायण व महाभारत सहित अन्य धार्मिक ग्रंथों का प्रभाव था। विदुर नीति में कहा गया है न वैरमुद्दीपयति प्रशान्तं न दर्पमारोहति नास्तमेति न दुर्गतोस्मीति करोत्यकार्य तमार्यशीलं परमाहुरार्य अर्थात जो शांत हुए वैर को पुनः नहीं भड़काता, जो अभिमान नहीं करता है। जो अपने अस्तित्व को मिटाने नहीं देता। जो विपत्ति में भी अधर्म का सहारा नहीं लेता, ऐसे व्यक्ति को लोग आर्य श्रेष्ठ चरित्र वाला कहते हैं। व्यक्ति को हमेशा धर्म के अनुसार ही आचरण करना चाहिए। वैराग्य में भी कहा गया है धन संपत्ति चंचल है और प्राण जीवन तथा यौवन भी चंचल है, इस अचल वस्तुओं वाले संसार में एक धर्म ही निश्चल है। चौधरी साहब ने कभी भी धर्म का रास्ता नहीं छोड़ा। वे जीवन में हमेशा सत्य व संयम के साथ आगे बढे।

चौधरी साहब ने अपने पैतृक व्यवसाय कृषि में गहरी रुचि के साथ नई तकनीक से कार्य किया वही आधुनिकता से बागवानी में नए आयाम स्थापित किए। कृषि में नए आयाम स्थापित करने के कारण भारत सरकार ने आपको 2003 में कृषि विषारद की उपाधि से सम्मानित किया। हरियाणा सरकार ने 2002-2003 में इन्हें चौधरी देवीलाल कृषि पुरस्कार से सम्मानित किया। बाल्यकाल से ही आपके मन में कुछ नया करने की सोच थी जिसके कारण आपने 1957 में रोहतक में लेथ एंड इंजन बोरिंग मशीन का कारखाना लगाया और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस बात से आप



अंदाजा लगा सकते हैं कि चौधरी साहब के मन में अपनी माटी के प्रति कितना प्रेम था। आपने 1961 में बिहार प्रांत की सीमा से लगे बडबिल उड़ीसा में रोहतक इंजीनियरिंग वर्क्स के नाम से लेथ एंड इंजन बोरिंग मशीन का कारखाना लगाया जबकि हरियाणा का गठन 1966 में हुआ था। अपनी ईमानदारी, लगन व निष्ठा के दम पर आपकी गिनती देशभर के नामी उद्योगपतियों में होने लगी थी। अथर्ववेद में कहा गया है इच्छति देवाः सुन्वन्तं न स्वप्नाय स्पृहयन्ति। अर्थात देवता पुरुषार्थी को ही चाहते हैं, आलसी को नहीं। इसलिए चौधरी साहब ने अपने जीवन में कभी अपने ऊपर आलस्य को हावी नहीं होने दिया। आपकी दिनचर्या ही ऐसी थी कि आलस्य नाम का द्वेष आपके आस-पास नहीं आ सकता था। आपने हमेशा पुरुषार्थ को महत्व दिया।

आप जीवन में सफल उद्योगपति होने के साथ-साथ एक उदार समाजसेवी भी थे। आपकी सबसे बड़ी उदारता थी कि आप सभी को मित्र की दृष्टि से देखते थे, बेशक वह आपके व्यवसाय में काम करने वाला कोई बड़ा अधिकारी हो या कोई छोटा कर्मचारी। आपकी दृष्टि में सभी एक समान थे। यही कारण है कि प्रत्येक व्यक्ति जो किसी न किसी रूप में आपसे जुड़ा था वह आपको हर समय याद करता है। यही गुण आपने अपने परिवार के सदस्यों को भी दिए। गीता में कहा गया है कि जो व्यवहार व्यक्ति अपने लिए नहीं चाहता वैसा दूसरों के साथ भी न करे। आपने हमेशा सबके साथ अच्छा व कुशल व्यवहार रखा। आपने जीवनपर्यंत प्रयास किया कि आप सन्मार्ग से कभी भी विचलित न हों, भले ही जीवन में परिस्थितियां कैसी भी हों। मैं इस बात का साक्षी हूं कि मेरा जब भी आपसे मिलना हुआ मुझे कभी इस बात का एहसास नहीं हुआ कि मैं आपके एक व्यवसाय का एक कर्मचारी हूं। बात उन दिनों की है जब मैं हरिभूमि समाचार पत्र में कुरुक्षेत्र कार्यालय में प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहा था और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में शोध का कार्य कर रहा था। हरियाणा के भजन उपदेशकों पर काम करने के कारण मेरा आपसे कई बार मिलना हुआ क्योंकि आपने आर्य समाज के कई भजन उपदेशकों के साहित्य को प्रकाशित करवाया था। मैं जब भी आर्य समाज के भजन उपदेशकों के बारे में जानकारी लेने के लिए आपसे मिला, आपने बड़े स्नेह के साथ मेरी जिज्ञासा को शांत किया। आप से जब भी मिलना हुआ आपके विनम्र, शांत व उच्च बौद्धिकता के व्यवहार ने मुझे हमेशा प्रभावित किया। चौधरी साहब मुझे हमेशा प्रेम व उत्साह के साथ नई-नई किताबें और जानकारी देते। उन्हें देखकर लगता था कि चौधरी साहब में अवश्य ही कोई दिव्य शक्ति है।

यही गुण आपने अपने पुत्रों को दिए जो अपने व्यवसाय में काम करने वाले अपने प्रत्येक कर्मचारी को मित्र की दृष्टि से देखते हैं। इसी कारण आपने व्यवसाय में पूरे देश भर में नाम कमाया। आपकी गिनती देश के प्रसिद्ध उद्योगपतियों में होती है। आप एक सफल व्यवसायी होने के साथ-साथ एक समाज सेवक भी थे। आदिवासी, वनवासी और ग्रामीण क्षेत्रों को आपने अपनी कर्मभूमि बनाया। आप जानते थे कि यदि समाज को आगे बढ़ाना है और लोगों को जागरूक करना है तो उसके लिए लोगों को शिक्षित करना होगा, इसलिए आपने आदिवासी, वनवासी व ग्रामीण क्षेत्र में गुरुकुल व शिक्षा संस्थानों की स्थापना की जो आज भी निःस्वार्थ भाव से लोगों को शिक्षा देने के पुनीत कार्य में लगे हैं। आप जानते थे कि शिक्षा ही एक मात्र साधन है जिसके द्वारा समाज में जागृति लाई जा सकती है। यही नहीं आपने अपने निजी कोष से आर्य समाज के ज्ञानवर्धक, वैदिक परंपरा, रीति रिवाज, संस्कृति, और संस्कार से संबंधित साहित्य का प्रकाशन भी करवाया ताकि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को संस्कारवान बनाया जा सके। नारी शिक्षा में आपका विशेष योगदान है। आपने अधिकतर महिला शिक्षा संस्थान स्थापित किए। आप जानते थे कि अगर एक लड़की शिक्षित होगी तो वह दो परिवारों को संस्कारवान बनाएगी। चौधरी साहब के सहयोग से ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार व हरियाणा में सैकड़ों गुरुकुल व शिक्षा संस्थान चल रहे हैं जहां पर छात्र-छात्राओं को संस्कारवान बनाने के साथ-साथ वैदिक परंपरा व आधुनिक शिक्षा पद्धति के साथ शिक्षा दी जा रही है। आप हमेशा समाज के हित के लिए ही चिंतित रहते थे। यही कारण है कि आपने कभी किसी गरीब का शोषण नहीं किया बल्कि जिसका जो हक था उसे हमेशा दिया। आपका मानना था कि कभी भी अपने से नीचे व्यक्ति का शोषण नहीं करना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को समान दृष्टि से देखना चाहिए। लालच, मोह व अंहकार को त्याग कर हमेशा ईमानदारी, लगन व निष्ठा से कार्य करने की सोच को आपने आगे बढ़ाया। आपका मानना था कि काम, क्रोध और लोभ ये तीनों नरक के द्वार है जो आत्मा का नाश कर देते हैं। इसलिए व्यक्ति को इन तीनों को त्याग देना चाहिए। यजुर्वेद में कहा गया है भद्र कर्णेभिः श्रृणुयाम देवा। अर्थात हे ईश्वर हम कानों से सदा उत्तम एवं मधुर वचनों को सुनते रहें। चौधरी साहब प्रतिदिन स्वाध्याय करने के साथ-साथ अच्छे व प्रेरक विचार भी सुनते थे। आपने अपने घर की दीवारों पर वेदों व विद्वानों के प्रेरक विचार भी लिखा रखे थे। आप वैदिक और लौकिक साहित्य के प्रति जागरूक थे। यही कारण था कि आपने परम मित्र मानव निर्माण संस्थान के माध्यम से सत्यार्थ प्रकाश का प्रकाशन करवाया। इसके साथ साथ आपने वैदिक संस्कृति का प्रचार प्रसार करने के लिए सैकड़ों पुस्तकों का प्रकाशन भी करवाया और वैदिक संस्कृति व परंपरा के प्रचार प्रसार में लगे विद्वानों का सहयोग भी किया। चौधरी साहब की एक ही इच्छा थी कि महर्षि दयानंद सरस्वती जी ने समाज में जागृति लाने के लिए जो विचार दिए हैं वे विचार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचें। यही कारण था उन्होंने आदिवासी, वनवासी और ग्रामीण इलाकों को अपनी कर्मभूमि बनाया।

समाज के प्रति अपने कर्तव्य को आपने हमेशा बड़ी आत्मीयता के साथ पूरा किया। चौधरी मित्रसेन आर्य जी के जीवन में सत्य, संयम और सेवा का अद्भुत सम्मिश्रण था। देश में प्राकृतिक आपदा, महामारी और अकाल के समय लोगों की आर्थिक सहायता करने में आप कभी पीछे नहीं रहे। महाराष्ट्र के लातूर में विनाशकारी भूकंप हो या फिर गुजरात के कच्छ व भुज में आए विनाशकारी भूकंप, आपने मानवता की रक्षा के लिए सदैव उदारतापूर्वक कार्य किया। भूकंप पीड़ितों के पुनर्वास के लिए आपने दो गांवों को गोद लेकर आठ सौ परिवार आबाद किए। इस पुण्य कार्य में आपके पुत्रों ने आपका भरपूर सहयोग किया। आपके दर पर आई किसी भी संस्था को आपने कभी निराश नहीं किया। समाज कल्याण और गरीब की सहायता के लिए आपने कभी किसी भी दृष्टि से संकोच नहीं किया। चौधरी साहब हमेशा जरूरतमंद व्यक्ति की मदद किया करते थे।

यजुर्वेद में कहा गया है मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे । हम सब एक दूसरे को मित्र की दृष्टि से देखें। इसी विचार को जीवन में आत्मसात करते हुए चौधरी साहब ने हमेशा सबकी सहायता की और अपने मित्रों के प्रति तो वे समर्पित ही थे। इसका एक उदाहरण मित्र स्मृति में मिलता है जिसमें बताया गया है कि आपके एक उड़िया सखा आदित्य कुमार महापात्र बिरला कंपनी में गैस इंचार्ज के रूप में कार्य करते थे। उन्हें जीवन में बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। जब आपको पता चला कि वे आर्थिक रूप से विपदा में है तो आपने बिना संकोच के एक ट्रक खरीदा और महापात्रा जी के दरवाजे पर खड़ा कर दिया। महापात्रा जी के स्वर्गवास के बाद आपने उनके परिवार को आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया जो आज भी निरंतर जारी है।

यही कारण है कि प्रत्येक व्यक्ति के दिल में आप आज भी जीवित हैं। चौधरी साहब की दिनचर्या और व्यवहार सबके लिए प्रेरणा स्रोत है। घर के आंगन में यज्ञशाला का होना, दिन का आरम्भ यज्ञ से शुरू करना और छोटे बच्चों से लेकर घर के प्रत्येक सदस्य का यज्ञशाला में बैठना। खाने, पीने, रहने और सोने की निश्चित व्यवस्था का होना किसी प्रेरणा से कम नहीं। पूरे परिवार को एक माला के मोतियों के समान एकजुट रखना। एक संन्यासी जैसा जीवन, संन्यासी जैसा आचरण, गृहस्थ धर्म को अच्छी तरह से निभाने वाले चौधरी मित्रसेन जी का भारतीय संस्कृति,सदाचार, सेवा, संयम, संस्कार, संयुक्त परिवार, शाकाहार व निवर्यसनी जीवन, विश्व बंधुत्व के भाव के रूप में नौ सांस्कृतिक परंपराओं में अटूट विश्वास था। वे इन संस्कारों को पूरी श्रद्धा से निभाते थे। 27 जनवरी 2011 को चौधरी मित्रसेन आर्य जी की पवित्र आत्मा शरीर का त्याग कर परमात्मा के चरणों में विलीन हो गई। शारीरिक रूप से बेशक वो हमारे साथ न हों लेकिन आज भी आप वैचारिक रूप से जीवित हैं। आपके विचार हमेशा जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

चौधरी मित्रसेन आर्य जी ने इंसानियत, सामाजिकता एवं आध्यात्मिकता की जो इबारत लिखी है उसकी स्याही कभी धूमिल नहीं होगी। उनका व्यक्तित्व निर्विवाद, प्रेरणाप्रद और मार्गदर्शक के रूप में हमेशा समाज का कल्याण करता रहेगा। वे कर्म, ज्ञान व भक्ति की त्रिवेणी थे। चौधरी मित्रसेन आर्य जी एक महान व्यक्ति थे। जिन्होंने जीवन पर्यंत समाज के उत्थान की दिशा में कार्य किया। महर्षि दयानंद सरस्वती के आदर्शों एवं शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए उन्होंने सदैव योगदान दिया। महर्षि दयानंद दयानंद सरस्वती के दिखाएं मार्ग पर चलते हुए चौधरी मित्रसेन आर्य जी ने समाज में ऐसे आदर्श स्थापित किए हैं जिनका अनुकरण कर राम राज्य की परिकल्पना साकार हो सकती है।

# मध्य पूर्व का दर्द बढ़ाएगा सीरिया?



तख्तापलट

सुनील अमर
वरिष्ठ स्तंभकार

आज से 14 साल पहले ठीक इन्हीं दिनों में (17 दिसम्बर 2010 को) उत्तरी अफ्रीका के एक छोटे से देश ट्यूनीशिया की सड़कों पर ठेला लगाकर फल बेचने वाले मोहम्मद बौजीजी नामक नौजवान ने जब पुलिस की ज्यादतियों और भ्रष्टाचार से तंग आकर आग लगा कर आत्महत्या कर ली थी तो इस आम सी लगने वाली घटना ने उस विस्फोट का रूप ले लिया जिसने ट्यूनिशिया को तानाशाही से मुक्त कर लोकतांत्रिक बना दिया। बाद के दिनों में मध्य पूर्व और उत्तर अफ्रीकी देशों में फैली इस क्रान्ति को 'अरब स्प्रिंग' का नाम दिया गया और जिसने दशकों से भ्रष्टाचार और बदइन्तजामी झेल रहे कई अरब देशों समेत सीरिया के लोगों को भी चंद महीने बाद यानी मार्च 2011 में ही वह राह दिखा दी जिस पर चलकर वहां के विद्रोहियों ने 50 साल पुरानी सत्ता को हाल ही में उखाड़ फेंका है। 13 साल से चल रहे इस गृह युद्ध में पांच लाख से अधिक सीरियाई मारे जा चुके हैं, 1 करोड़ 20 लाख से अधिक विस्थापित हुए हैं। सीरियाई तख्तापलट में भी हमें ठीक वही लूटपाट व तोड़फोड़ के दृश्य देखने को मिले जो इसके पहले श्रीलंका और बांग्लादेश में दिखे थे।

सीरिया के राष्ट्रपति रूस भाग गए। अब सीरिया में विद्रोहियों द्वारा नये सिरे से सत्ता प्रतिष्ठान बनाए जाने की कवायद चल रही है। इस्लामी चरमपन्थी गुटों के सीरिया में काबिज हो जाने के बाद चिन्ता अब इस बात को लेकर है कि रूस आदि देशों द्वारा सीरिया को उपलब्ध कराई गई युद्धक सामाग्री भी इन चरमपन्थियों के हाथ आ गई है तो वे इसका किस तरह इस्तेमाल करेंगे? पड़ोसी देश इजरायल ने तो इसी आशंका के चलते सीरिया पर सैकड़ों हवाई हमले कर ऐसी तमाम सामाग्री नष्ट करने का दावा भी किया है। महत्त्वपूर्ण यह है कि इजरायली हमले के चन्द रोज पहले ही रूस ने अपना तमाम सैन्य साजो-सामान सीरिया से हटा लिया था। इन दोनों घटनाओं के आपसी निहितार्थ हो सकते हैं क्योंकि एक लम्बे समय तक रूस ने सीरिया के राष्ट्रपति को सैन्य साजो-सामान देकर तथा अपने सैन्य अड्डे बनाकर मदद कर रखी थी। इधर परिस्थिति कुछ ऐसी हुई कि सीरिया के तीन प्रमुख सहयोगियों में से रूस ढाई साल से यूक्रेन से युद्ध में उलझा हुआ है तो अमेरिकी प्रतिबन्धों और इजरायल से तनातनी के चलते ईरान की हालत कमजोर हुई है और आतंकी संगठन हिज़्बुल्लाह की इजरायल ने कमर तोड़ दी है। राष्ट्रपति असद के कमजोर पड़ने में यह प्रमुख कारण बताया जा रहा है। जानकार बताते हैं कि अगर इन तीनों सहयोगियों की मदद न होती तो सीरिया में काफी पहले तख्ता पलट हो गया होता।

आज दुनिया के बहुत से देशों में इस्लामिक चरमपन्थ के उभार से राजनीतिक अस्थिरता है। अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस जिन्हें हम विकसित देश कहते हैं, वे भी इस चरमपन्थ की चपेट में हैं। लेकिन अफगानिस्तान जैसे देश में जहां 'शरीयत' का झण्डा उठाकर तालिबान उग्रवादियों को सत्ता में आये चार साल से अधिक हो रहा है, हालात बद से बदतर ही हुए हैं। पड़ोसी देश पाकिस्तान शरीयत का प्रयोग कर मुंह की खा चुका है और एक दूसरा पड़ोसी बांग्लादेश यह प्रयोग करने पर आमादा है। अफगानिस्तान की हालत बदतर



इसलिये भी है क्योंकि पाकिस्तान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के अलावा दुनिया के किसी भी देश ने तालिबानियों की सरकार को मान्यता ही नहीं दी है। आज की दुनिया में इस तरह से अलग-थलग रह कर कोई भी देश अपना कार्य-व्यापार नहीं चला सकता। इसके बावजूद इस बात की उम्मीद कम ही लगती है कि सीरिया में सत्ता पर कब्जा जमाने वाले विद्रोही एचटीएस किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था की शुरुआत करेंगे।

किसी भी देश में जब लम्बे समय तक अस्थिरता या गृह युद्ध के हालात रहते हैं तो वहां बहुत से गुट अपना-अपना प्रभाव क्षेत्र बना लेते हैं। सत्ता परिवर्तन कर लेने के बाद असली संकट उनमें आपस में तालमेल बिठाने का होता है। अफगानिस्तान में हमने यही देखा है और सीरिया में भी कई चरमपन्थी गुट गृह युद्ध में लगे हुए हैं लेकिन इसमें सबसे ज्यादा ताकतवर गुट हयात तहरीर अल-शाम संक्षेप में एचटीएस है और इसका प्रमुख अबू मोहम्मद अल-जुलानी है। इसका गठन तो अल-नसरा फ्रंट के नाम से हुआ था और इसने कुख्यात आतंकी संगठन अल कायदा से अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की थी, लेकिन बाद के दिनों में अन्य आतंकी संगठनों को अपने में मिलाने के बाद इसने अल कायदा से सम्बन्ध खत्म किया और अपना नया नाम एचटीएस रख लिया। जैसा कि अमेरिकी रवैया रहता है उसने एचटीएस को तो आतंकी संगठन घोषित कर रखा है लेकिन सीरिया के एक अन्य आतंकी संगठन कुर्द विद्रोहियों को अमेरिका समर्थन देता है। आने वाले दिनों में सीरिया के भविष्य का पता इस बात से चलेगा कि वहां अपना-अपना प्रभुत्व जमाये विभिन्न चरमपन्थी गुटों में आपसी तालमेल कैसे बनता है और दुनिया के देशों का उनके प्रति रवैया कैसा रहता है?

## सीरिया का भविष्य भंवर में

सीरिया के अगल-बगल के देशों में तुर्की, इराक, जार्डन, इजरायल और लेबनान हैं, जहां अमेरिका की शह पर इजरायल ने सैन्य रूप से सक्रिय है। सीरिया में अब कैसी शासन व्यवस्था बनेगी, यह अभी कहना बहुत अनिश्चित है क्योंकि इसमें कई प्रकार के कारक भूमिका निभाएंगे। इसमें सबसे महत्तवपूर्ण सीरिया में होने वाली केन्द्रीय शासन व्यवस्था (क्योंकि सीरिया में पहले से ही उत्तर पश्चिम इलाके में एचटीएस तो उत्तर पूर्वी इलाके में कुर्द और उत्तर पश्चिमी इलाके में सीरियन नेशनल आर्मी जैसे विद्रोही गुटों का कब्जा है) तथा अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय की दखलन्दाजी होगी। अभी तो एचटीएस का प्रभुत्व है और इसके प्रमुख अबू मोहम्मद अल-जुलानी को तथाकथित कार्यवाहक सरकार का मुखिया बताया जा रहा है और जुलानी ने मोहम्मद अल-बशीर को अंतरिम प्रधानमन्त्री नियुक्त कर दिया है। फिर भी देश पर शासन करने के लिए एचटीएस को सभी विद्रोही गुटों का सहयोग लेना ही होगा, हालांकि यह आसान नहीं होगा क्योंकि सभी गुटों के अपने-अपने एजेन्डे हैं और वे आपस में भी लड़ते रहे हैं। सीरिया में अभी तक रूस और ईरान ने, भले ही अपना हित साधने की गरज से लेकिन, काफी पैसा और संसाधन लगाया हुआ था जो मौजूदा हालात में जारी नहीं रहेगा। ऐसे में सीरिया को आर्थिक और ढांचागत मोर्चों पर अभी और दिक्कतें उठानी होंगी। सीरिया में हुए तख्ता पलट से यह उम्मीद लगानी अभी जल्दबाजी होगी कि वहां राष्ट्रपति असद के कुशासन और भ्रष्टाचार से मुक्ति मिल जायेगी। आशंका इस बात की भी है कि एचटीएस कहीं असद की भूमिका में न आ जाय। वर्ष 2010 में शुरु हुआ 'अरब स्प्रिंग' ट्यूनीशिया, मिस्त्र, यमन, बहरीन, सूडान और लीबिया से होता हुआ सीरिया तक आया है। इसमें अगर ट्यूनीशिया को छोड़ दें तो बाकी देशों में फिर वही पहले के हालात हो गये हैं। यही हमने भारतीय उपमहाद्वीप के देश श्रीलंका में भी देखा। बहरहाल, अभी तो सीरिया में सरकार गठन और उस पर विश्व समुदाय की प्रतिक्रिया देखनी है। इसका असर पश्चिम एशिया पर पड़ना तय है।

# संभल कर चलना होगा भारत को



पश्चिम एशिया

शंभू भद्र
वरिष्ठ पत्रकार व
कूटनीति विशेषज्ञ

सीरिया में तख्तापलट ने पश्चिम एशिया के संकट को गहरा दिया है। इजराइल व ईरान की दुश्मनी पश्चिम एशिया को भारी पड़ रही है। लग रहा है मध्य पूर्व तीसरे विश्व युद्ध की दहलीज पर है। आज पश्चिम एशिया एक ऐसे क्षेत्र के तौर पर कुख्यात हो चुका है, जहां हिंसक संघर्ष, कट्टर इस्लामिक गुटों का आंतक, अशान्ति और राजनीतिक अराजकता का बोलबाला है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद से ही पश्चिम एशिया (मध्य पूर्व) कई छोटे-बड़े युद्ध और अनगिनत हिंसक संघर्ष झेल चुका है। हाल के दशकों में इस क्षेत्र में प्रायोजित कट्टर इस्लामिक चरमपंथी गुटों की शक्ति बढ़ी है और वे सत्ता तक पर काबिज हो रहे हैं। इजराइल ईरान समर्थित इस्लामिक आतंकी गुट हमास, हिज्बुल्ला और हुती विद्रोही से लड़ रहा है, तो सीरिया में राष्ट्रपति बशर अल असद की सरकार को सत्ता छोड़ कर देश से भागने के लिए इस्लामिक विद्रोही गुट हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) ने मजबूर कर दिया। हमास का कब्जा फिलिस्तीन के गाजा क्षेत्र में है, हिज्बुल्ला लेबनान में सत्ता का भागीदार है, हुती विद्रोही यमन में काबिज है। सीरिया ही सात हिस्सों में बंटा है। इस्लामिक विद्रोही एचटीएस का दमिश्क, होम्स, अलेप्पो और हमा पर कब्जा है। यह इलाका पूरे सीरिया का 20 फीसदी ही है। सबसे ज्यादा 30 फीसदी हिस्से पर कुर्दिस विद्रोहियों का कब्जा है। 20 फीसदी इलाका तुर्किये समर्थित सीरियाई विद्रोहियों के कब्जे में है। 2 फीसदी हिस्से पर अमेरिकी सेना ने कब्जा कर रखा है। बाकी 30 फीसदी इलाके अभी किसी के नियंत्रण में नहीं है। सीरिया की असद सरकार के जरिए ही ईरान हिज्बुल्ला व अन्य इस्लामिक चरमपंथी गुटों को हथियार की आपूर्ति करता था। इस्लामिक स्टेट, अलकायदा जैसे इस्लामिक चरमपंथी संगठन भी इस क्षेत्र में सक्रिय हैं।

मध्य पूर्व के अलग-अलग इलाकों पर इस्लामिक चरमपंथी गुटों के कब्जा होने से पश्चिम एशिया का सामरिक वातावरण और उलझ गया है। आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक जंग इस क्षेत्र में दमतोड़ रहा है। अमेरिकी की पकड़ ढीली हुई है, रूस खुद यूक्रेन संग उलझा हुआ है, ईरान भी भंवर में फंसा हुआ है। इजराइल तीन मोर्चे पर लड़ रहा है, तुर्किये सीरिया में बदले हालात का फायदा उठाना चाहेगा, पर आर्थिक रूप से वह खुद बेहद कमजोर है। सऊदी अरब कुछ कर सकता है, पर वह पचड़े में पड़ना नहीं चाहेगा। सामरिक रूप से वह अमेरिका पर निर्भर है। अगर देखें तो पूरा पश्चिम एशिया समस्याग्रस्त है और संयुक्त राष्ट्र व अमेरिकी विदेश नीति के पास इन समस्याओं से जूझने के लिए कोई ठोस रणनीति नहीं है। जनवरी से अमेरिका की कमान संभालने वाले डोनाल्ड ट्रंप की अमेरिकी राष्ट्रवाद की नीति में पश्चिम एशिया कितना फिट बैठेगा, वक्त ही बताएगा। ऐसे में सवाल है कि अब भारत पश्चिम एशिया के साथ अपने संबंधों को कैसे आगे बढ़ाएगा?

पश्चिम एशिया आठ प्रमुख समुद्रों से घिरा हुआ है; एजियन सागर, काला सागर, कैस्पियन सागर, फारस की खाड़ी, अरब सागर, अदन की खाड़ी, लाल सागर और भूमध्य सागर। इस क्षेत्र में तुर्किये,



सऊदी अरब और ईरान बड़ी अर्थव्यवस्था है, जिसमें पेट्रोलियम प्रमुख उद्योग है, क्योंकि दुनिया के आधे से अधिक तेल भंडार हैं और दुनिया के लगभग 40 प्रतिशत प्राकृतिक गैस भंडार इस क्षेत्र में हैं। पश्चिम एशिया के क्षेत्र में तुर्किये, सऊदी अरब, ईरान, इजराइल, संयुक्त अरब अमीरात, आर्मेनिया, अज़रबैजान, बहरीन, साइप्रस, जॉर्जिया, इराक, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, ओमान, फिलिस्तीन, कतर, सीरिया और यमन देश हैं। वैश्विक भू-राजनीति में इन देशों के क्षेत्र का अहम स्थान है। इस लिहाज से ये देश भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं। ऊर्जा सुरक्षा भारत की चिंता का सबब है। सऊदी अरब और इराक भारत के प्रमुख तेल आपूर्तिकर्ता हैं। पश्चिम एशिया भारत के लिए एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार भी है। भारतीय कंपनियों ने इस क्षेत्र में, खास तौर पर बुनियादी ढांचे, निर्माण और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में भारी निवेश किया है। पश्चिम एशिया में स्थल-रुद्ध मध्य एशिया के प्रवेशद्वार के रूप में कार्य करने की क्षमता है। ईरान के साथ चाबहार पोर्ट का विकास भारत कर रहा है। लाखों भारतीय इस क्षेत्र में प्रवासी के रूप में रहते हैं जो भारतीय विदेशी मुद्रा भंडार में बड़ा योगदान करते हैं। पश्चिम एशियाई देशों में भारत ने कई सांस्कृतिक केंद्र भी स्थापित किए हैं।

1990 के दशक से भारत की पश्चिम एशिया के देशों के साथ ऊर्जा और तेल के क्षेत्रों में व्यापारिक साझेदारी है। 2014 में, पूर्व की ओर देखो नीति के अनुरूप, मध्यपूर्व की ओर देखो की सोच से भारत ने पश्चिम एशिया के साथ रणनीतिक संबंध बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक नया दृष्टिकोण अपनाया। इस नीति का उद्देश्य अरब जगत की क्षेत्रीय राजनीति में शामिल हुए बिना भारत के राष्ट्रीय हितों को पूरा करना है। इस नीति के अंतर्गत वर्ष 2022 में भारत-यूएई व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) हुआ। सऊदी अरब ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के जियो प्लेटफॉर्म में निवेश किया है। भारत-अरब सहयोग मंच मजबूत हो रहा है। इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के साथ सहयोग कर रहा है। भारत ने क्षेत्र में अपने राजनीतिक और सुरक्षा हितों को बढ़ाने के लिए यूएई, इजराइल समेत कई पश्चिम एशियाई देशों के साथ रणनीतिक साझेदारियां विकसित की हैं। भारत ने सीरिया को उसके गृहयुद्ध के दौरान मानवीय सहायता प्रदान की थी। भारत और पश्चिम एशिया से यूरोप के बीच परिवहन लागत को कम करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएसटीसी) अहम प्रोजेक्ट है। यह परियोजना वर्ष 2000 में भारत, ईरान और रूस के बीच तय की गई थी और बाद में इसमें 10 अन्य मध्य एशियाई और पश्चिम एशियाई देशों को भी शामिल किया गया। मध्य एशिया और फारस की खाड़ी के बीच माल के पारगमन और परिवहन की सुविधा के लिए हुए अश्गाबात समझौते में भारत वर्ष 2018 में शामिल हुआ। कतर भारत का सबसे महत्वपूर्ण प्राकृतिक गैस आपूर्तिकर्ता है, हमारे कुल प्राकृतिक गैस आयात में कतर का योगदान 41 फीसदी है। भारत ने सैन्य उपयोग और रसद सहायता के लिए ओमान के प्रमुख बंदरगाह दुकम तक पहुंच हासिल कर ली है। इससे भारत को हिंद महासागर में अपनी स्थिति मजबूत करने में मदद मिली है। भारत ओमान के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में से एक है।

हालांकि पश्चिम एशिया के साथ भारत अपने कुल वैश्विक व्यापार का आठ फीसदी से भी कम ट्रेड करता है, पर तेल व गैस के लिए निर्भर है। पश्चिम एशिया में सीरिया, इराक व यमन में राजनीतिक अस्थिरता से भारत के हितों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इस्लामिक स्टेट और अन्य आतंकवादी समूहों के उदय के चलते पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीय प्रवासियों के सामने खतरा उत्पन्न हो रहा है। भारतीय जहाजों पर हूती समेत दूसरे विद्रोही गुट हमला करते रहते हैं। इस क्षेत्र में शिया और सुन्नी मुसलमानों के बीच सांप्रदायिक तनाव भी भारत के लिए चुनौती है। भारत को काफी संभल कर चलना होगा।

**संक्षेप**

## सुल्तानपुर में एक्सीडेंट में छात्रा की मौत, पिता घायल

**सीटीईटी की परीक्षा देने पिता के साथ जा रही थी, ट्रेलर से टकराई बाइक**

**अमन लेखनी समाचार**

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में पिता के साथ सीटीईटी परीक्षा देने जा रही छात्रा हादसे का शिकार हुई। धनपतगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत पीरो सरैया गांव के पास हलियापुर-बेलवाई हाईवे पर सुबह बाइक सवार पिता और बेटी को ट्रेलर ने टक्कर मार दी। इसमें बेटी की मौके पर मौत हो गई और पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। पिता को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। ग्राम पंचायत सुख बडेरी मजरे रघुवीर का पुरवा निवासी अंतिमा (23) को पिता राम अजोर उर्फ कुबरी (55) बेटी को सीटेट की परीक्षा दिलाने सुल्तानपुर जा रहे थे। घर से 6 किलोमीटर दूर हलियापुर-बेलवाई मार्ग पर पीरो सरैया गांव के पास पहुंचे थे तभी ओवरटेक करते समय बाइक सामने से आ रही ट्रेलर में जा टकराई। इसमें बेटी अंतिमा की मौके पर ही मौत हो गई। पिता को ग्रामीणों ने एम्बुलेंस से घायल को धनपतगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पिता की हालत भी चिंताजनक बताई जा रही है। थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी है। वाहन की तलाश की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उधर घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।

## जयसिंहपुर में अनियंत्रित कार गड्ढे में पलटी

**स्थानीय लोगों ने युवकों को बाहर निकाला, दोनों को मामूली चोट आई**

**अमन लेखनी समाचार**

जयसिंहपुर, रात को जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसा होते-होते टल गया। पीढ़ी-बिझूरी सड़क मार्ग पर कार सवार दो युवक अंधे मोड़ पर वाहन का नियंत्रण खो बैठे, और कार गड्ढे में गिरकर पलट गई। हालांकि, हादसे के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत मदद की और दोनों को सकुशल बाहर निकाल लिया। इस हादसे में दोनों युवकों को मामूली चोटें आईं, जबकि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टेहंसा गांव निवासी घनश्याम (28) और उनका साथी रात करीब 10 बजे कार से किसी काम से पीढ़ी चौराहे की तरफ जा रहे थे। जब वे परसा और केवटहिया गांव के पास पहुंचे, तो अंधे मोड़ और तेज रफ्तार की वजह से कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर कर पलट गई। हादसे की आवाज सुनकर पास के लोग दौड़े और दोनों कार सवारों को सकुशल बाहर निकाला। कार चालक घनश्याम और उनके साथी को मामूली चोटें आईं, जिन्हें तुरंत उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। हादसे में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सड़क हादसे में यदि कार वाहन थोड़ा और आगे बढ़ जाती, तो दोनों युवक सीधे तालाब के गहरे पानी में गिर सकते थे, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। मगर समय रहते हादसा टल गया और दोनों युवक बाल-बाल बच गए।

# बाल वैज्ञानिकों के साथ बीईओ ने मनाया बेटे अमय का जन्मदिन

## खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज की अनूठी पहल

**अमन लेखनी समाचार**




बाबागंज, बहराइच। अक्सर देखा जाता है कि लोग अपना सामाजिक रुतबा दिखाने के लिए अपने बच्चों का जन्मदिन बड़े-बड़े आलीशान होटलों और रेस्टोरेंट में मानते हैं और हजारों लाखों रुपए खर्च कर अपने को गौरवान्वित महसूस करते हैं। मात्र स्टेटस दिखाने के लिए इन पार्टियों में अच्छा खासा पैसा पानी की तरह बहाया जाता है। इन सबसे इतर खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज राधेश्याम वर्मा एवं उनके परिजनों ने अपने 12 वर्षीय बेटे अमय पटेल का जन्मदिन ऐसे सादगीपूर्ण ढंग मनाया कि बेटे अमय के साथ-साथ वहां मौजूद सैड़कों बच्चों के चेहरे भी खुशी से खिल उठे। बताते चलें 16 दिसम्बर को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र नवाबगंज द्वारा आयोजित एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण हेतु आंचलिक विज्ञान केंद्र लखनऊ पहुंचे बच्चों के साथ बीईओ राधेश्याम वर्मा ने अपने बेटे का जन्मदिन बड़े ही सादगीपूर्ण ढंग से मनाया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी तथा उनके परिजनों ने बच्चों के साथ मिलकर केक काटा और बच्चों के साथ बैठकर भोजन भी किया। अपने चहेते बीईओ को अपने बीच पाकर बच्चे बहुत उत्साहित दिखे। इस दौरान बच्चों को विशेष उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। शैक्षिक भ्रमण के दौरान नई-नई चीजें देख व सीखकर बच्चे बहुत खुश हुए। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ नवाबगंज अध्यक्ष अरविन्द वर्मा, ब्लॉक संरक्षक प्रदीप त्रिपाठी, उपाध्यक्ष विनोद गिरि, मंत्री वैभव सिंह, कार्यालय प्रभारी जीतेन्द्र शर्मा, महामंत्री अनीश चौधरी, महिला उपाध्यक्ष निगार सुल्ताना सहित एआरपी सुनील कुमार, राकेश मौर्या, निर्मल शुक्ला, विकास वर्मा, अजय मिश्रा आदि ने प्रिय अमय के स्वस्थ सुखी जीवन और दीघार्यु की कामना की।

# विकास कार्यों में हो रहा सरकारी धन का दुरुपयोग

## खड़ंजा सड़क से खड़ंजे की ईंट ही गायब, जिम्मेदार बने अंजान

**अमन लेखनी समाचार**



बहराइच। विकास खंड नवाबगंज के ग्राम पंचायत बसंतपुर उदल में लाखों की लागत से बनी खड़ंजा सड़क का मामला सुर्खियों में है जो लोगों मे चर्चा का विषय बना हुआ है। उत्तर प्रदेश की लोकप्रिय सरकार ग्रामीण विकास को बढ़ावा देती आ रही है। लेकिन नवाबगंज ब्लॉक मुख्यालय से चंद कदम की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत बसंतपुर उदल के ग्राम रामनगर में रामनरेश के घर से तालाब तक लाखों की लागत से लगाये गया खड़ंजे की ईंट ही गायब हो गई और स्थानीय ग्रामीणो को इसकी भनक भी नहीं लगी। गायब हुई लाखों की ईंट पूरे विकास खंड में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों को खुशी थी कि सड़क बनने से जहाँ आवागमन सुलभ होगा और गांव के विकास को पंख लगेंगे लेकिन यहां ईंटों के ही गायब होने से सड़क की हालत पहले जैसी हो गई है। सड़क की स्थित देखकर ग्रामीण हैरत में हैं। वहीं पता यह भी चला है कि ईंटों को कही किसी अन्य सड़क पर ले जाकर उसे नवीनीकरण दिखाकर उस पर भुगतान कर सरकारी धन का दुरुपयोग करने की कोशिश की जा रही है।

# डीएम दफ्तर पहुचे दर्जनों की संख्या में फार्मासिस्ट

## फामेर्सी प्रेक्टिस रेगुलेशन एक्ट लागू कराने की मांग



**अमन लेखनी समाचार**

बहराइच। यूनाइटेड वेलफेयर फार्मासिस्ट संगठन के पदाधिकारियों ने सोमवार को डीएम दफ्तर पहुंच कर वहां मौजूद सिटी मजिस्ट्रेट को अपना मांग पत्र दिया। मण्डल अध्यक्ष सरफराज अहमद, जिलाध्यक्ष परमेश वर्मा के नेतृत्व मे दर्जनों की संख्या मे फार्मासिस्ट मौजूद रहे। सभी ने सिटी मजिस्ट्रेट को मुख्यमंत्री को प्रेषित एक ज्ञापन सौपा और प्रदेश मे फामेर्सी प्रेक्टिस रेगुलशन एक्ट 2015 लागू कराने की मांग की। संगठन पदाधिकारियों ने बताया की अन्य चार राज्यों मे यह एक्ट लागू हो चुका है।

उत्तर प्रदेश मे फार्मासिस्टों के भविष्य के लिए एक्ट लागू होना चाहिए। ज्ञापन देने वालों मे मण्डल महासचिव नवीन वर्मा, जिलाध्यक्ष परमेश वर्मा, जिलाउपाध्यक्ष अस्मित रस्तोगी, शनि श्रीवास्तव, अशोक कुमार वर्मा, शुभाष श्रीवास्तव, दीपक चौधरी, बृजेन्द्र, रामबहादुर, राम सिंह आदि मौजूद रहे।

# वन कर्मियों ने ग्रामीणों को किया जागरूक

## वन्यजीव संघर्ष व पौधशाला प्रबंधन की दी जानकारी

**अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा**



बहराइच। विकासखंड नवाबगंज के अब्दुल्लागंज रेंज में पौधशाला, वृक्षारोपण और वानकी से संबंधित एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। आस पास गाँवो के ग्रामीणों, महिलाओ और बच्चों को मानव वन्यजीव संघर्ष, पौधशाला प्रबंधन, छपान कार्य आदि के बारे में वन कर्मियों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर वन क्षेत्राधिकारी पंकज साहू, शंभूनाथ यादव उप क्षेत्रीय वनाधिकारी, सुरेश पासवान वन दरोगा सहित वन रक्षक मनोज सिंह, मनोज तिवारी, सुरेश वर्मा, राजेश डाकिया और अन्य वन श्रमिक उपस्थित रहे।

## क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार के पिता का हुआ निधन

**अमन लेखनी समाचार/मो. कौशर**

रूपईडीहा, बहराइच। कस्बा बाबागंज निवासी वरिष्ठ पत्रकार राष्ट्रीय हिंदी दैनिक के संवाददाता व अधिवक्ता मो० असरार सिद्दीकी के पिता हाजी मो० अबरार साहब का मंगलवार को हृदय गति रुकने से देहांत हो गया। 78 वर्ष के उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। अचानक हुई इस घटना से विकास खंड नवाबगंज के पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई। बाबागंज के कब्रिस्तान में उनका अंतिम संस्कार किया गया। नम आंखों से लोगो ने उनके अंतिम विदाई दी। उनके अंतिम यात्रा के दौरान काफी संख्या में क्षेत्र के पत्रकारों, समाजसेवियों सहित गणमान्य लोगों की भीड़ जुटी रही।

# कतर्नियाघाट वनक्षेत्र से सटे 34 ग्रामों में स्थापित हुई 562 एलईडी लाईटें

- **मानव वन्यजीव संघर्ष पर अंकुश के लिए स्थापित की जानी हैं 3100 एलईडी लाईटे**

**अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा**

बहराइच। प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट ने बताया कि कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के वनक्षेत्रों से सटे अधिकतर राजस्व ग्राम तेन्दुआ प्रभावित ग्राम हैं जिसमें आए दिन तेन्दुआ द्वारा हमला कर व्यक्तियों को गम्भीर रूप से घायल तथा कभी-कभी व्यक्ति की मृत्यु भी हो जाती है। गांवों में सभी ग्रामवासियों के आवास पक्के नहीं है तथा ग्रामीण परिवेश होने से अभी भी अधिकतम ग्रामवासियों के आवास फूस के हैं जिससे अंधेरा होते ही जंगली जानवर वनक्षेत्र से सटे गांवो में पालतू मवेशी यथा-बकरी, गाय-भैंस आदि के भक्षण हेतु चले जाते हैं जिससे कभी-कभी व्यक्तियों का सामना होने पर मानव-वन्य जीव संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। डीएफओ ने बताया कि मानव-वन्य जीव संघर्ष की निरन्तर बढ़ रही घटनाओं के दृष्टिगत सिग्निफाई इनोवेशन इण्डिया लिमिटेड, सी.एस.आर. पार्टनर फिनिश सोसाइटी संस्था द्वारा कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग को 3100 एल.ई.डी. लाईट उपलब्ध करायी गयीं हैं, जो कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के वनक्षेत्रों के किनारे बसे मानव-वन्य जीव संघर्ष प्रभावित गांवो में लगाया जाना है।

*डीएफओ ने बताया कि प्रथम चरण अन्तर्गत कतर्नियाघाट रेंज अन्तर्गत 34 गांवो यथा आनन्दनगर, जयश्रीपुरवा, कुरकुरी कुआं, विशुनटांडा, मंगलपुरवा, मन्दिर, कैलाशपुरी, गुलरा, बेलहनपुरवा, ढकिया, टेढ़िया, सीतारामपुरवा, बाजपुर बनकटी, पठानपुरवा, धोबियाना, मदनिया, तेलियनपुरवा, गुलरीपुरवा, सिरसियनपुरवा, बड़खड़िया, लख्खाबाग, बिहारीपुरवा, मौरहवा, विजय नगर, सजहवा, घूरेपुरवा, जमुनिहा, नथुनिया, जाहिदपुरवा, चहलवा, आम्बा, विशुनापुर व बर्दिया में 562 एल.ई.डी. लाईटे लगाई जा चुकी हैं।*

# शिवपूजन सिंह बने शिक्षक महासभा के कार्यकारी जिला अध्यक्ष, लोगों मे हर्ष

**अमन लेखनी समाचार**



बहराइच। शिक्षक महासभा के प्रदेश महासचिव एवं भाजपा शैक्षिक संस्थान के प्रदेश संयोजक अजय सिंह ने मंगलवार को बहराइच के बाबागंज पहुंचकर एस पी सिंह को जनपद बहराइच के अध्यक्ष का नियुक्ति पत्र सौंपकर अंगवस्त्रम देकर बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बहराइच में संगठन की आवाज को लगातार उठाने और शिक्षक हित में सदैव कार्य करते रहने के कारण श्री सिंह को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। आशा है कि वो शिक्षकों की समस्या को हल करते रहेंगे। महासचिव के साथ मंडल अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष अजय सिंह अज्जू आदि लोग मौजूद रहे।

## शेखर श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष तो बजरंग बली पाठक बने महामंत्री

**प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास कार्यकारिणी की बैठक संपन्न**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास बहराइच बहराइच के प्रदेश कार्यकारिणी की एक बैठक हुई। बैठक में रामकृष्ण परमहंस पी जी कालेज के प्रवक्ता शेखर श्रीवास्तव को जिलाध्यक्ष एवं बहराइच के समाजसेवी बजरंगबली पाठक को महामंत्री पद पर संगठन के ट्रस्टियों के के विचार विमर्श के बाद प्रदेश अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र कुमार उपाध्याय ने मनोनीत किया। इस आशय की जानकारी प्रदेश प्रचार प्रमुख अमरनाथ मिश्र ने दिया। इस अवसर पर प्रदेश संरक्षक घनश्याम वाजपेई, प्रदेश महासचिव ध्रुव कुमार मिश्र, प्रदेश प्रचार प्रमुख अमरनाथ मिश्र, प्रदेश महामंत्री संजय सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अनंतराम निषाद, प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय गौड़, वरिष्ठ ट्रस्टी सुरेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

# अमेठी में नहर की पटरी कटने से डूबी फसल

## कई घरों में घुसा पानी, नहर विभाग की टीम ने सही कराया

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी जिला, अमेठी में नहर विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई, जहां देर रात नहर की पटरी कटने से सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल जलमग्न हो गई। इसके साथ ही गांव में भी पानी घुसने से कई घरों में पानी घुस गया। ग्रामीणों द्वारा मामले की जानकारी नहर विभाग को दी गई, जिसके बाद आज दोपहर मौके पर पहुंची नहर विभाग की टीम ने कटान को ठीक किया। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। अभी भी गांव के मुख्य मार्ग पर पानी बह रहा है, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूरा मामला मुसाफिरखाना तहसील क्षेत्र के गुन्नौर उमा मिश्र गांव का है, जहां देर रात कादुनाला को जाने वाली छोटी माइनर कट गई। नहर कटने से सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल जलमग्न हो गई। इसके साथ ही नहर का पानी गांव में घुसने लगा, जिससे कई घर पानी की चपेट में आ गए। सुबह ग्रामीणों को जब नहर कटने की जानकारी मिली तो पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल मदद के लिए नहर विभाग के अधिकारियों को फोन किया, लेकिन किसी भी अधिकारी द्वारा फोन नहीं उठाया गया। ग्राम प्रधान और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के काफी प्रयास के बाद नहर विभाग के अधिकारियों ने फोन उठाया जिसके बाद नहर विभाग की टीम जेसीबी लेकर मौके पर पहुंची। घंटो की कड़ी मशक्कत के बाद कटान को ठीक किया, जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। गांव में अभी भी तेज रफ्तार में पानी बह रहा है और गांव की मुख्य सड़क पानी मे डूबी हुई है, जिससे ग्रामीणों को आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं गांव की क्षेत्र पंचायत सदस्य शिवलाली ने कहा कि देर रात करीब 2 बजे नहर कटी जिससे कई बीघा फसल जलमग्न हो गई और कई घरों में पानी घुस गया। काफी प्रयास के बाद आज दोपहर नहर विभाग की टीम आई और कटान को ठीक किया।

# सड़क पर खुले में शराब पीते 97 लोगों को पकड़ा

## ऑपरेशन पियक्कड़ अभियान के तहत कार्रवाई, राहगीरों से करते हैं अभद्रता

**अमन लेखनी समाचार**




हापुड़, हापुड़ में पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों को महखाने बनाने वालों के खिलाफ जिलेभर में ऑपरेशन पियक्कड़ अभियान चलाया। जिसके तहत पुलिस ने ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया जो सार्वजनिक स्थानों पर शराब पी रहे थे। पुलिस ने 97 पियक्कड़ पकड़कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की। बता दें कि शाम ढलते ही शराबियों का सार्वजनिक स्थान दारू का अड्डा बन जाता है। ऐसे में कई बार तो शराबी आते जाते लोगों से अभद्रता कर देते है। सार्वजनिक स्थानों पर कार, बाइक, चौराहों पर खुला बार बनाकर पियक्कड़ शराब पीते है। जिसको लेकर जिले के एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने अभियान चलाने के आदेश दिए। जिसके बाद नगर कोतवाली पुलिस, बाबूगढ़ पुलिस, धौलाना पुलिस, कपूरपुर और हाफिजपुर पुलिस ने अभियान चलाया। एसपी केजी सिंह ने बताया कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर लोगों से अभद्रता करते है। शराब पीकर उनके द्वारा हुड़दंग काटा जाता है। जिसको लेकर पुलिस ने अभियान चलाया और कार्रवाई करते हुए 97 लोगों को हिरासत में लेकर संबंधित धाराओं में कार्रवाई की। उनका कहना है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# हसनपुर में आर्य समाज ने किया कम्बल वितरण

## असहाय लोगों को दिया लिहाफ, आर्य समाजियों ने कहा – गरीबों की मदद के लिए आगे आए

**अमन लेखनी समाचार**




हसनपुर, अमरोहा के हसनपुर नगर में आर्य समाज द्वारा गरीबों एवं निसहाय में कम्बल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में 56 लोगों को कम्बल और लिहाफ दिया गया। हसनपुर में नगर के आर्य समाज मंदिर में आर्य समाज द्वारा लिहाफ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें सीओ दीप कुमार पंत तथा आर्य समाज के पदाधिकारीयों द्वारा गरीबों को 56 लिहाफों का वितरण किया गया। आर्य समाज के वक्ताओं द्वारा कहा गया कि वह प्रतिवर्ष गरीबों को लिहाफों का वितरण करते हैं। उन्होंने कहा कि लिहाफो का वितरण कर वे समाज सेवा के कार्यों को मजबूती के साथ अंजाम दे रहे हैं। आर्य समाज के लोगों ने समाज के अन्य जिम्मेदार लोगों से आह्वान किया कि वह कड़ाके की ठंड में गरीबों का सहायता करने में आगे आये। उन्होंने कहा कि आर्य समाज द्वारा समाज सेवा का कार्य आगे भी ऐसे ही चलता रहेगा। इस अवसर पर आर्य समाज के प्रधान महीपाल सिंह गौतम, कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह, भाजपा नेता हेम सिंह आर्य, रमेश चंद्र गुप्ता, विनय गुप्ता, दिनेश गुप्ता, रोहताश आर्य, रोहित मिलन आर्य, मनोज गौतम, अंकित गुप्ता, रामपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# साढू से बात करने पर पत्नी का गला काटा

## आरोपी पति गिरफ्तार, बेटी बोली- पापा को फांसी हो

**अमन लेखनी समाचार**




हापुड़, हापुड़ के बाबूगढ़ कोतवाली इलाके में साढ़ू से बात करने पर एक पति ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ में जुटी है। आरोपी पिता के पकड़े जाने पर उसके बच्चों ने पुलिस से दोषी पिता को फांसी देने की गुहार लगाई। दरअसल, ग्राम मुक्तेश्वर निवासी रमेश और उसकी पत्नी संगीता के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि रमेश ने पत्नी संगीता के गर्दन पर बलकटी से वार कर दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हत्याकांड के बाद आरोपी पति फरार हो गया। दिनदहाड़े हुए इस हत्याकांड से गांव में अफरा-तफरी मच गई। हत्याकांड की जानकारी मिलने पर काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा करते हुए आरोपी पति रमेश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी पत्नी अक्सर उसके सरधना के एक गांव में रहने वाले साढ़ू से बात करती थी। जिसका उसने कई बार विरोध किया था। लेकिन उसने बहनोई का रिश्ता होने की बात कहकर बातचीत का सिलसिला जारी रखा। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि 4 दिन पूर्व भी वह बिना बताए अपनी बहन के यहां गई थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। जिसके बाद उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# संक्षेप

## गाजियाबाद में पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, गाजियाबाद के थाना शालीमार गार्डन पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान दोनों तरफ से फायरिंग में बदमाश की गोली लगी है। बदमाश शातिर स्नेचर है जिसके कब्जे से पुलिस ने तमंचा कारतूस और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। गाजियाबाद में एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया की थाना शालीमार गार्डन पुलिस डीएलएफ स्कूल के सामने डीएवी कट वजीराबाद रोड पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। जिसे रोकने का प्रयास किया तो बिना रुके अपनी मोटरसाइकिल को पीछे मुड़कर तेजी से भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने भी पीछा किया। बदमाश की मोटरसाइकिल ब्रेकर होने के चलते फिसल के गिर गई। अपने को गिरता देख बदमाश के फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में बदमाश को गोली लगी है।

पकड़ में आने के बाद बदमाश ने अपना नाम सलमान पुत्र इमरान डी 403 गली नंबर 1 जनता कॉलोनी वेलकम दिल्ली बताया। सलमान पर दिल्ली और गाजियाबाद में आर्म्स एक्ट लूट और चोरी के एक दर्जन मुकदमे कायम है। सलमान के कब्जे से एक तमंचा एक कारतूस और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

## मेरठ में मुठभेड़...2 बदमाश अरेस्ट

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ में सरधना और सरूरपुर पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन के दौरान 25-25 हजार रुपये के दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में दोनों के पैरों में गोली लगी है। दोनों आरोपी टेंपो में गोमांस लेकर जा रहे थे। एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि आधी रात को सरधना एवं सरुरपुर थाना प्रभारी पुलिस के करनाल हाईवे पर भूनी फ्लाईओवर के पास चेकिंग कर रहे थे। सामने से आए एक टेंपो को रोकने को प्रयास किया तो टेंपो सवार युवकों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों युवकों के पैरों में गोली लग गई। आरोपियों ने अपना नाम सुहैल पुत्र सलीम निवासी बड़ी कुरैशियान मस्जिद नाले के पास जली कोठी देहली गेट और शादाब पुत्र मौ. इशाक निवासी सेक्टर 11 ढवाईनगर शास्त्रीनगर थाना नौचंदी बताए। दोनों को उपचार के लिए सीएचसी सरुरपुर भिजवाया गया। एसपी राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपियों के पास से दो तमंचे, दो कारतूस, टेंपो में रखे तीन प्लास्टिक के बोरों में करीब 75 किलो गौमांस बरामद हुआ। दोनों पर 25-25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित था। दोनों की निशानदेही पर मांस खरीदने वाले आरोपी परवेज पुत्र फारूख निवासी नीचा सद्दीक नगर इस्लामाबाद थाना लिसाड़ी गेट को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

# हाइजीन कॉर्नर से सीखेंगे बच्चे स्वच्छता के गुण

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। रेकिट एवं प्लान इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया अभियान के अंतर्गत विद्यालय में स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम के तहत कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय अलहदादपुर नगर क्षेत्र, गोरखपुर के प्रांगण में हाइजीन कॉर्नर स्थापित किया गया। मुख्य अतिथि श्री संजय कुमार मीना मुख्य विकास अधिकारी एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री रमेंद्र कुमार सिंह द्वारा विधिवत हाइजीन कॉर्नर का उद्घाटन किया गया। उसके पश्चात विद्यालय के बच्चों के द्वारा स्वागत गान, हाथों की सफाई एवं स्वच्छता विषय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाल संसद के बच्चों द्वारा हाथ धोने की विधियों के बारे में जानकारी दी गई एवं हाथ धोने का प्रदर्शन कराया गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बच्चों से कहा कि अपने हाथों को नियमित साबुन से धोएं एवं अपने परिवार के भी सभी सदस्यों को भी हाथ धोने की विधि के बारे में बताएं।=मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी श्री संजय कुमार मीना ने बच्चों से कहा कि अपने स्वच्छता पर ध्यान दें, एक स्वच्छ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है इसलिए स्वछता हमारे लिए बहुत ही आवश्यक है एवं उपस्थित सभी बच्चों के बीच डिटॉल साबुन वितरण किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा सोप बैंक बनाया गया हैं मुख्य विकास अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं डीसी निर्माण द्वारा सोप बैंक में साबुन दान किया गया। संस्था के डिस्ट्रिक्ट लीड रंजीत कुमार ने बताया कि जनपद गोरखपुर के चयनित 10 विद्यालयों एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रांगण में हाइजीन कॉर्नर स्थापित किया गया जो बहुत ही सुंदर है तथा विद्यालय के लिए बहुत उपयोगी है। हाइजीन कार्नर के साथ डिटॉल ऐंटीसेप्टिक लिक्विड, डिटॉल साबुन, डिटॉल सैनिटाइजर, डिटॉल हैडवाश एवं वजन नापने की मशीन प्रदान किया गया है यह सभी बच्चों में स्वच्छता के गुण विकसित करने में सहायक है। सोप बैंक में एस०एम०सी० सदस्य, स्कूल के शिक्षक एवं बच्चे अपने जन्मदिवस पर स्वेच्छा से साबुन को दान करेंगे जो स्वच्छता हेतु सामुदायिक सहयोग को प्रदर्शित करेगा तथा अन्य लोगों में भी सहयोग करने हेतु प्रेरित करेगा। मौके पर बेसिक शिक्षा परिषद से जिला समन्वयक (निर्माण) श्री रमेश चंद्र, कृष्ण कुमार पांडेय स्कूल कोऑर्डिनेटर, प्रधानाध्यापिका सरिता दुबे, सहायक अध्यापिका सूक्ष्मा ओझा उपस्थित थी।

## प्रशिक्षण में प्रमाण पत्र से सुसज्जित हुए प्रतिभागी शिक्षक

अमन लेखनी समाचार




फतेहपुर। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालय की जूनियर कक्षाओं में अध्यनरत छात्र एवं छात्राओं को अंग्रेजी विषय में अत्यधिक पारंगत एवं निपुण बनाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान फतेहपुर में अंग्रेजी उपचारात्मक प्रशिक्षण जनपद के प्रत्येक ब्लॉक के शिक्षकों को दिया जा रहा है। जिसमें अंग्रेजी रेमेडियल प्रशिक्षण के नवमी तथा दसवीं बैच का समापन सेवारत प्रशिक्षण प्रभारी विनय कुमार मिश्रा एवं डायट प्रवक्ता वीणा सिंह के द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करके किया गया। अंग्रेजी रेमेडियल का प्रशिक्षण अरविंद यादव, गंगा चरण, राम नरेश ललित कुमार, महेंद्र सिंह, बृजेश कुमार विषय विशेषज्ञ के द्वारा बहुत ही सूक्ष्म एवं ज्ञानवर्धक तरीके से और विषय को रोचक बनाते हुए प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया गया प्रशिक्षण की गुणवत्ता के बारे में प्रतिमा उमराव सहायक अध्यापक कंपोजिट विद्यालय अमौली एवं शिक्षक प्रदीप सिंह के द्वारा प्रशिक्षण में प्रदान किए गए प्रत्येक बिंदु पर प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षण का फीडबैक प्रदान किया गया। प्रशिक्षण एछळक प्रयागराज द्वारा तैयार किए गए मॉड्यूल पर प्रदान किया जा रहे हैं। इस प्रशिक्षण के माध्यम से पीछे रह गए बच्चों में अंग्रेजी भाषा के विकास को कैसे और बेहतर किया जा सकता है, इस पर बल देते हुए प्रशिक्षण की विषय वस्तु का संप्रेषण किया जा रहा है। विनय कुमार मिश्रा ने सभी का आभार एवं धन्यवाद प्रकट करते हुए सभी प्रतिभागियों को अपने शिक्षक को पूर्ण मनोयोग से प्रदान करने के लिए श्रीमद् भागवत गीता की युक्ति द्वारा सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि कर्मण्ये वाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। अर्थात अपना कार्य करते हुए हमें उन बच्चों का भविष्य बेहतर बनाना है जो हमारे विद्यालय में हमारी ही शिक्षा के सहारे अपना भविष्य उज्जवल करने की आशा से आते हैं।

## दहेज में कार और 5 लाख रुपए की मांग, पति पर उत्पीड़न का केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां थाना क्षेत्र के पिपरा निवासी एक विवाहिता को पति दहेज में कार और 5 लाख रुपए की मांग करते हुए शराब के नशे में मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत की शिकायत पर पुलिस ने पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से निशा चौधरी पुत्र गुलाब चौधरी निवासी पिपरा की शादी 12 जुलाई 2024 क्षितिज चौधरी पुत्र स्व उदित नारायण चौधरी निवासी कदमा थाना बखिरा जिला संतकबीरनगर के साथ हुआ था। उपहार में नकदी जेवरात दिया गया था। विदाई के बाद पीड़िता ससुराल पहुंची तो पति दहेज में 5 लाख रुपया और कार की मांग करने लगे। पिता द्वारा दहेज देने से इंकार इंकार करने के बाद पति शराब के नशे में 24 अक्टूबर 2024 को गाली गुप्ता देते हुए मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति क्षितिज चौधरी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## पानी की टंकी से बैटरी और केबिल चोरी केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा ब्लाक अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र रानीडीह में स्थित पानी की टंकी पर लगा बैटरी और केबिल चोर चुरा ले गए।आपरेटर की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी धनश्याम पुत्र रामकवल निवासी लटकना जो रानीडीह पानी की टंकी पर आपरेटर है। पानी की टंकी में लगा बैटरी और केबिल चोर चुरा ले गया। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## जबरन कब्जे को लेकर बुजुर्ग ने उपजिलाधिकारी से की शिकायत

### उपजिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को जल्द ही कब्जा मुक्त कराने को दिया निर्देश

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रसूलपुर बकेवर निवासी बुजुर्ग विश्रामसागर ने बिंदकी उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए उनके प्लांट में दबंग लोगो द्वारा किये गए अवैध कब्जे से मुक्त कराने की मांग की है। उपजिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को जल्द ही समस्या का निस्तारण कराने का निर्देश दिया है। पीड़ित बुजुर्ग विश्राम सागर ने बताया कि लगभग पांच दशक पूर्व उन्होंने गांव के ही कलुआ पुत्र खुरभुर से एक खंडहर मकान खरीदा था। जिसमें तभी से ही पीड़ित का कब्जा था, लेकिन अब गांव के ही कुछ दबंग लोग जिसमे राजू पुत्र बाबू, उसकी पत्नी मुन्नी देवी, व भाई सुरेंद्र उर्फ रज्जन ने जबरियन प्लाट में कब्जा कर लिया है और प्रार्थी को कमजोर समझ कर परेशान कर रहे हैं। पूर्व में पीड़ित ने बकेवर थाने व मुख्यमंत्री पोर्टल उत्तर प्रदेश में शिकायत दर्ज कराया था, जिस पर स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर उपरोक्त दबंगो से प्लाट खाली करने की बात कही थी। लेकिन दबंग लोग प्लाट खाली नहीं कर रहे हैं और कहने पर पीड़ित को जान से मारने की धमकी देकर गाली गलौज रोजना करते रहते हैं। पीड़ित ने मांग की है कि उसका प्लांट को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए और शालीनता के साथ निर्माण कार्य करने दिया जाए। उपजिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण कराने का निर्देश दिया है।

## तेज रफ्तार डंफर ने मां बेटे को उतारा मौत के घाट

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर।जनपद के घाता थाना क्षेत्र के अंतर्गत हिनौंता मोड़ के समीप तेज रफ्तार डम्फर ट्रक की जोरदार टक्कर से बाइक पर सवार माँ बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब दोनों बाइक से महेवा घाट चित्रकूट से कौसम्भी के मंझनपुर जा रहे थे। मिली जानकारी के मुताबिक नीरज कुमार पांडेय पुत्र संतोष पांडेय 27वर्षीय अपनी बाईक से अपनी माँ रानी पांडेय के साथ अपने घर टिकुरा महेवा घाट जनपद चित्रकूट से कौसम्भी जनपद के मंझनपुर जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार डम्फर ट्रक ने उनकी बाइक पर टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उनकी बाइक डम्फर में फसकर काफी दूर घिसटते हुए चली गयी थी। जिस कारण दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही घटना के बाद डम्फर चालक अपनी गाड़ी लेकर मौके पर से भाग गया। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची व मृत शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया।

## पांच नामजद अज्ञात के खिलाफ बलवा, मारपीट का केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां थाना क्षेत्र के सीहापार में सहजनवा से घर जा रहे वृद्ध को मनबढ़ो ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर पांच नामजद और अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से ओम नारायण चौबे पुत्र तेजधर चौबे निवासी भैंसला सोमवार को सहजनवां से घर जा रहें थे। सीहापार के पास पहुंचा था की मनबढ़ो ने पुरानी रंजिश को लेकर घेर कर लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिए। पीड़ित के शिकायत पर पुलिस ने धर्मवीर ,शशि कपूर,शांतुन,शत्रुघ्न,सूर्यदेव तथा अज्ञात के खिलाफ बलवा,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## दहेज में बुलेट न मिलने पर ससुराल के लोगो ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां थाना क्षेत्र के सीहापार निवासी सोनम शर्मा पुत्री धर्मेंद्र शर्मा की शादी 9 मई 2022 में सुशील चंद शर्मा पुत्र जवाहर लाल शर्मा के साथ हुआ था। शादी में मायके के लोगो ने नकदी और अन्य सामान सहित करीब 15 लाख रुपए खर्च किए थे। विदाई के बाद ससुराल में लोगो द्वारा 2 लाख और नकद का दबाव बनाया गया। मायके के लोगो ने व्यवस्था कर दे दिया। इसके बाद ससुराल के लोग बुलेट की मांग करने लगे। जिसको लेकर आए दिन प्रताड़ित किया जाने लगा। 5 अक्तूबर 2024 को विवाहिता को पति के कहने पर मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया गया। और गहने छीन कर रख लिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति सुशील चंद शर्मा, देवर राजन, जेठानी का लड़का, रमेशचंद शर्मा, ससुर जवाहर लाल शर्मा, जेठानी गीता, ननद अनिता के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## गाजियाबाद में बालकनी से गिरा गमला, बची जान

- गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी को लेकर 5 दिन पहले निगम में की थी शिकायत

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी में एक बालकनी से बाहर की तरफ रखा गमला अचानक नीचे आ गिरा। इस दौरान सोसाइटी निवासी दिनेश सिंह वहां से गुजर रहे थे। गनीमत रही कि इस हादसे में वह बाल बाल बच गए। यहां रहने वाले लोगों का कहना है कि इस घटना से आरडब्लूए की लापरवाही भी सामने आई है। आरडब्लूए ने काफी दिन पूर्व एक नोटिस जारी कर बालकनी से बाहर लगे गमले हटाने के लिए कहा था और ऐसा न करने पर आरडब्लूए द्वारा खुद गमले हटवाने की चेतावनी दी थी। गौरव बंसल का कहना है कि लेकिन ना तो बालकनी से गमले हटे और ना ही आरडब्लूए ने हटवाए। जिसके कारण यह हादसा हो गया। पांच दिन पहले यहां अवैध ठेले, बाहरी लोगों की आवाजाही को लेकर नगर निगम में शिकायत भी की थी। जिसके बाद खुद वृद्ध दिनेश सिंह ने सोसाइटी के सभी लोगों से बालकनी से गमले हटाने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि आज वह इस हादसे से बचे हैं कल को किसी और के साथ भी यह घटना हो सकती है। यहां के लोग जो मांग कर रहे है, उसकी अनदेखी की जा रही है। इसीलिए सभी लोगों को प्राथमिकता के आधार पर बालकनी से आपने गमले हटा लेने चाहिए। इसको लेकर फिर मीटिंग की बात कही गई है।

## जैविक खेती के लिए किसानों का जथ्था रवाना हुआ झांसी



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर।जैविक खेती के गुर सीखने को किसानो का एक जत्था झाँसी के लिए रवाना किया गया।यहां किसान जैविक खेती के लाभ जानेगे।वैज्ञानिकों द्वारा माडल प्रस्तुत कर किसानो को दक्ष किया जायेगा।मंगलवार को उपनिदेशक कृषि राम मिलन सिंह परिहार ने कृषि भवन लखनऊ बाईपास के पास से हरी झंडी दिखा बस को रवाना किया। राजकीय कृषि विद्यालय चिरगांव झांसी के प्रधानाचार्य विनोद कुमार सचान के द्वारा किसानो को जैविक खेती के प्रशिक्षित किया जायेगा।कृषि विभाग के सर्विस प्रोवाइडर ईश एग्रीटेक प्रा. लि. इन्दौर म. प्र. से प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर जितेंद्र सिंह, अनिल मिश्रा और फील्ड ऑफिसर अजय कुमार, दीपांकर सिंह आदि रहे।

## युवती गहने नकदी लेकर प्रेमी संग फरार, केस दर्ज




अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के एक युवती घर से गहने और नकदी लेकर प्रेमी संग फरार हो गई।युवती के मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से गीडा थाना क्षेत्र के नौसढ चौकी अंतर्गत एक युवती बेलीपार निवासी एक युवक के साथ घर से 50 हजार रुपया और गहने लेकर फरार हो गई। युवती के मां के तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक मंगेश पुत्र मुन्ना निवासी ककराखोर थाना बेलीपार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## यूपी विधानसभा का घेराव करेगी कांग्रेस

### मेरठ पहुंचे पार्टी प्रभारी ने बनाई रणनीति, कहा जनता की आवाज उठाना ही हमारा काम

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, उत्तर प्रदेश में बढ़ती बिगड़ती कानून व्यवस्था, बिजली का निजीकरण, किसानो का गन्ना बकाया, व बढ़ती महगाई आदि समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश विधानसभा का घेराव को करेंगी। मेरठ में कांग्रेस की बड़ी बैठक हुई। कांग्रेस कार्यकर्ता शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक जाहिद अंसारी के निवास पर बैठक हुई। बैठक में मेरठ प्रभारी पूर्व विधायक गजराज सिंह भी पहुंचे। गजराज सिंह ने कहा कि देश को बनाने के लिए गांधी परिवार ने अनेक यातनाये झेलकर अपने प्राणों को आहुति देकर इस देश को बनाया है, 70 साल का हिसाब मांगने वाले अपने 10 सालों का हिसाब नहीं रह पा रहे हैं। गजराज सिंह ने कहा कि भाजपा हिन्दू मुसलमान का एजेंडा चलाकर जनता को भय दिखा कर सत्ता में बना रहना चाहती है। लेकिन जनता अब उनके बहकावे में नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा घेराव में पुरे उत्तर प्रदेश से बढ़ी संख्या में कार्यकर्त्ता लखनऊ जाएंगे। मेरठ से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता लखनऊ जाएंगे। इस अवसर पर कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अवनीश काजला, कार्यवाहक शहर अध्यक्ष जाहिद अंसारी, हरिकिशन अम्बेडकर, रंजन शर्मा, धूम सिंह गुजर्र, महेंद्र गुजर्र, राकेश मिश्रा, तेजपाल डाबका, मतीन अंसारी, हाशिम अंसारी, इकरामुद्दीन अंसारी, सुमित विकल, सलीम पठान, अंसार अहमद, इरशाद अहमद।

## गाजियाबाद में कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का समापन

### सुनहरी यादें लेकर विदा हुए कश्मीरी युवा, 6 दिनों तक चला प्रोग्राम

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, एनडीआरफ की तरफ से आयोजित किए गए कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का समापन हो गया। इस कार्यक्रम में कश्मीर के 6 जनपदों से 132 युवक और युवतियों ने भाग लिया था। यह कार्यक्रम 6 दिन तक चला था। जिसमें युवाओं को दिल्ली एनसीआर में भारत की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण करवाया गया था। एनडीआरएफ के प्रवक्ता दिलीप कुमार ने बताया कि कश्मीर से आये युवा अपने साथ मशहूर सामान और खाने-पीने का व्यंजन लेकर आए थे। जिसके स्टॉल उन्होंने लगाए थे। स्टॉल से एनडीआरफ वाहिनी के परिवारों ने वहा से खरीदारी की थी। इस दौरान खास तौर से मिलेट मेले का भी आयोजन किया गया था। साथ ही वैज्ञानिक रूप से मधुमक्खी पालन के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम की थीम वतन को जानो के तहत युवा प्रतिभागी एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना के रूप में विकसित की गई थी। कश्मीरी युवाओं ने एनडीआरएफ कैंपस में एक पेड़ मां के नाम से पौधा रोपण भी किया।

## गाजियाबाद में हिन्दू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं का हंगामा

### खुले में मीट बेचने का आरोप, पुलिस ने सभी ठेली वालों को हटाया

अमन लेखनी समाचार



मोदीनगर, दिल्ली-मेरठ मार्ग पर सुबह मोदीनगर तहसील के सामने ठेली पर खुले में मीट बेचने का आरोप लगाकर हिन्दू युवा वाहिनी के कार्यकताओं ने जमकर हंगामा किया। आरोप है कि बिना लाईसेंस के मीट बेचा जा रहा था। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें शांत किया। हिन्दू युवा वाहिनी के नेता नीरज शर्मा के साथ दर्जनों कार्यकर्ता एकत्र होकर दिल्ली-मेरठ मार्ग पर मोदीनगर तहसील पर पहुंचे और हंगामा करना शुरू कर दिया। उनका आरोप है कि दिल्ली-मेरठ मार्ग पर तहसील के सामने आधा दर्जन से अधिक ठेली पर खुले में मीट बेचा जा रहा है। उनका आरोप है कि किसी भी ठेली के पास मीट बेचने का लाईसेंस नहीं है। हंगामा बढ़ने की सूचना मौके पर पहुंची पुलिस ने सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर कार्यकताओं को शांत किया। पुलिस ने सभी ठेली वालों को वहां से हटा दिया। हिन्दू युवा वाहिनी के कार्यकताओं ने चेतावनी दी कि यदि आगे से ठेली लगी तो एसीपी का घेराव किया जाएगा।

## बुधवार को बंद रहेगा गहतौली जाने वाला गेट संख्या 39

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। बुधवार 18 दिसंबर को सुमेरपुर क्षेत्र में भमौरा होकर गहतौली जलाला जाने वाली सड़क पर रेललाइन में बना गेट संख्या सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रहेगा। रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर हरीशंकर साहू द्वारा जिलाधिकारी को भेजे पत्र में अवगत कराया गया है कि मरम्मत के चलते रेलवे का गेट संख्या 39 बुधवार 18 दिसंबर को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रहेगा। आवागमन के लिये गेट संख्या 37 विकल्प के तौर पर मौजूद है।

## क्षेत्र पंचायत की बैठक 20 को होगी

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। क्षेत्र पंचायत की आगामी बैठक 20 दिसंबर को ब्लाक प्रमुख जयनरायन सिंह यादव की अध्यक्षता में ब्लाक सभागार में सम्पन्न होगी। खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि 20 दिसंबर को होने वाली बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, मनरेगा, पंचायती राज, सिंचाई, सड़क आदि मुद्दों पर चर्चा होगी।

## इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में लगी आग से लाखों रुपए का सामान जलकर खाक

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। कस्बे के उपरौस मुहल्ले में पानी की टंकी के पास एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में शार्ट सर्किट से लगी आग से दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पर पंहुची पुलिस व फायर ब्रिगेड ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। आग बुझने पर अगल बगल के दुकानदारों ने राहत की सांस ली अन्यथा उनकी दुकानें भी आग की चपेट में आ जाती। दुकानदार राजा बाबू ने बताया कि उपरौस मुहल्ले में पानी की टंकी के पास उसकी तनु इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है। बीती शाम वह रोज की तरह दुकान बंदकर घर चला गया था। आधी रात करीब दो बजे उसकी बंद दुकान से आग की लपटें देखकर पडोसियों ने फोन कर जानकारी दी तो वह तुरंत दुकान पंहुचा. जहां पुलिस व फायर ब्रिगेड आग बुझाने की मशक्कत में जुटा था। जब तक पूरी आग बुझती उसकी दुकान में रखा लाखों रुपए का पूरा सामान जल गया है। आग शार्ट सर्किट से लगने की बात कही जा रही है।

# डीएम ने ठंड से बचाव के लिए गरीबों को वितरित किए कंबल

## अस्पताल का औचक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का लिया जायजा

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर ।गत दिवस की देर रात जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने मुख्यालय के नौबस्ता क्षेत्र में अनुसूचित जाति बस्ती में पहुंचकर वहां पर ठंड से बचाव के दृष्टिगत गरीबों को कंबल वितरित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ठंड से बचाव के दृष्टिगत जनपद में सभी पात्र लोगों में शीघ्रता से कंबल वितरित कर दिया जाए इसमें किसी भी तरह की देरी न की जाए ।उन्होंने कहा कि वर्तमान में पड़ रही ठंड के दृष्टिगत सभी नगरीय निकायों व अन्य जरूरी स्थलों पर नियमित रूप से अलाव जलाए जाएं ।तत्पश्चात जिलाधिकारी ने देर रात में जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड ,ड्यूटी कक्ष सहित अन्य कक्षो / वार्डों का निरीक्षण किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों व उनके परिजनों से हालचाल लिया तथा अस्पतालों द्वारा दी जा रही विभिन्न सुविधाओं यथा डॉक्टरों द्वारा समय से देखने/ इलाज, दवाएं, जांच करने, अस्पताल में दिए जा रहे नाश्ता व भोजन की गुणवत्ता एवं अन्य सुविधाओं के विषय में फीडबैक लिया। जिलाधिकारी ने ड्यूटी में लगे डॉक्टर तथा नर्सों से भी जरूरी पूछताछ की। कहा कि डॉक्टर एवं अन्य स्टाफ मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएं। डाक्टर व अन्य स्टाफ मरीजों से अच्छा व्यवहार करें। जिला अस्पताल के निरीक्षण के पश्चात जिलाधिकारी ने रैन बसेरा का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा उसके संबंध में संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर, एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक, तहसीलदार सदर एवं अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# पेंशनर दिवस में जिलाधिकारी ने वयोवृद्ध पेंशनरों को माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया सम्मान

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। कलेक्ट्रेट स्थित डा. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी द्वारा वयोवृद्ध पेंशनरों को माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मौजूद तेज बहादुर मिश्रा जिलाध्यक्ष गवर्नमेन्ट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गनाइजेशन एवं श्यामचरण साहू जिलाध्यक्ष सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएशन द्वारा पेंशनरों की समस्याओं से सम्बन्धित ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी को दिया गया। इस दौरान कुल 37 शिकायतें प्राप्त हुयीं। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा शिकायतों का निस्तारण करते हुये 17 जनवरी 2025 तक पुनः संघ के पदाधिकारियों के साथ सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों की बैठक करने के निर्देश दिये गये। पेंशनर दिवस के संयोजक श्रवण कुमार सिंह वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा बैठक में आये हुये समस्त पेंशनर व पारिवारिक पेंशनर एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों का आभार प्रकट किया गया। पेंशनर दिवस में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, सीएमएस पुरूष/महिला जिला चिकित्सालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा सहित अन्य विभागों के अधिकारी, जनपद के पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर आदि उपस्थित रहे।

## प्रदेश स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का डीएम ने किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

अमेठी खेल निदेशालय एवं उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के समन्वय से डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में चार दिवसीय प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया जा रहा है। जिसका जिलाधिकारी निशा अनंत ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर आनंदेश्वर पांडे महासचिव उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ एवं दिनेश कुमार मिश्रा अपर जिलाधिकारी न्यायिक एवं चंचल मिश्रा क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अयोध्या की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर डीएम ने आए हुए खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनका उत्साह वर्धन किया, डीएम ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी टीम भावना से खेले, पूरी मेहनत और लगन के साथ हैंडबॉल प्रतियोगिता में अपने कौशल का प्रदर्शन करें। इस अवसर पर डीएम ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। उपक्रीड़ाधिकारी मो0 मुशर्रफ खां ने बताया कि चार दिवसीय प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता 2024 का आयोजन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में किया जा रहा है यह प्रतियोगिता 17 से 20 दिसंबर 2024 तक आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 17 मंडल के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज उद्घाटन मैच में बस्ती मंडल एवं गोरखपुर मंडल के मध्य खेला गया जिसमें गोरखपुर मंडल ने 13-10 से बस्ती मंडल को पराजित किया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक प्रमेंद्र सिंह, तौहीद खान संयुक्त सचिव उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ, अमित पांडे की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। उपक्रीड़ाधिकारी मोहम्मद मुशर्रफ खां एवं शमीम अहमद ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया एवं आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के आयोजन में निर्णायक के रूप में प्रेम प्रकाश, संदीप राय, हेमंत, बृजेश

# दो घटनाओं में घायल तीन लोग अस्पताल में भर्ती, एक हुआ रिफर

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग घटनाओं में हुये तीन घायलों को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के उपरांत एक की हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिवांर थाना क्षेत्र के लदार गांव निवासी राम सिंह 60 वर्ष पुत्र हेमराज अपने साथी रामसजीवन पुत्र रामलाल के साथ बाइक में सवार होकर रीवन गांव की सोसाइटी में खाद लेने के लिए जा रहे थे। तभी रीवन गांव के निकट एक गाय ने भैंस को मार दिया जिससे भैंस ने बिदककर बाइक सवार को जोर का धक्का दे दिया। इससे बाइक सहित सड़क पर गिरकर दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। दोनों घायलों को लहूलुहान हालत में नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। राम सजीवन की हल्की चोटे आने पर इलाज के बाद छुटटी कर दी गई। वहीं बाइक चालक रामसिंह की हालत गंभीर होने होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। दूसरी घटना में हरीराम पुत्र भूरा निवासी पढोरी को दोपहर के समय मधुमक्खियों ने हमला कर घायल कर दिया। जिसे गंभीर अवस्था में वहां मौजूद लोगों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

## बहन के जेवर चोरी करने वाले भाई से पुलिस ने बरामद किया तमंचा कारतूस

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। गत दिनो सिमनौडी में मां के साथ मिलकर बहन का जेवर चोरी करने वाले भाई से पुलिस ने तलाशी के दौरान एक अदद तमंचा एवं 35 जिंदा कारतूस बरामद करके जेल भेजा है। गत 13 दिसम्बर को सिमनौडी गांव निवासी दयाराम साहू ने पुलिस को सूचित किया था कि अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर बेटी एवं बहू के जेवरातों के साथ नगदी चोरी कर ली है। सूचना पाकर थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थे और जांच पड़ताल के बाद घर से ही चोरी की जेवरात बरामद करके गृहस्वामी के सुपुर्द किए थे। तलाशी के दौरान पुलिस ने एक कमरे से एक अदद तमंचा के साथ 35 जिंदा कारतूस बरामद किए थे। पुलिस ने दयाराम के पुत्र अभिनीत साहू से तमंचे के बारे में पूछताछ की लेकिन वह जवाब नहीं दे सका था। पुलिस ने अभिनीत को तमंचे के साथ हिरासत में लेकर आर्म्स एक्ट का मुकदमा कायम करके जेल भेजा है। थानाध्यक्ष अनूप कुमार ने बताया कि अभिनीत ने ही मां के साथ मिलकर बहन के जेवरात चोरी करके दूसरे कमरे में छुपाया था। पुलिस ने इस चोरी को महज 5 घंटे के अंदर माल बरामद करके खुलासा कर दिया था।

## डीएम व एसपी ने पीसीएस परीक्षा के दृष्टिगत परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। मंगलवार को जिलाधिकारी घनश्याम मीना व पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा द्वारा आगामी पीसीएस परीक्षा के दृष्टिगत जनपद में बनाये गये परीक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय कुछेछा, राजकीय इंटर कालेज हमीरपुर, राजकीय बालिका इंटर कालेज हमीरपुर, विद्यामन्दिर इंटर कालेज हमीरपुर, राजाराम इण्टर कॉलेज कुरारा, राजकीय महाविद्यालय सुमेरपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों के परीक्षा कक्ष, कार्यालय का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरा, अग्निशमन यंत्र आदि सुरक्षा उपकरणों को चेक किया। साथ ही साफ सफाई आदि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शांति व्यवस्था हेतु तैनात पुलिस बल को आवश्यक निर्देश देने के साथ ही परीक्षा समाप्त होने पर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाए जाने हेतु यातायात पुलिस को आवश्यक निर्देश दिए। जिससे कि परीक्षार्थियों व अभिभावकों को किसी प्रकार की समस्या न हो। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी सदर व अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## एएसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन्स का किया निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

अमेठी रिजर्व पुलिस लाइन्स में मंगलवार की परेड के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार द्वारा पुलिस लाइन के भोजनालय, बैरिकों की साफ-सफाई, परिवहन शाखा, क्वार्टर गार्द, स्टोर, कैश तथा गणना कार्यालय का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन्स अमेठी व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# कोषागार परिसर गौरीगंज में पेंशनर्स दिवस का किया गया आयोजन

## सेवानिवृत्त पेंशनर का प्रपत्र जमा होने के बाद लंबित न रखा जाए

अमन लेखनी समाचार





अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत के निर्देश के क्रम में पेंशनरों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आज कोषागार परिसर गौरीगंज में पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मौके पर पेंशनरों द्वारा अपनी समस्याओं में नोशनल वेतन वृद्धि, वेतन निर्धारण से सम्बन्धित समस्याओं से उपस्थित अधिकारियों को अवगत कराया गया तथा सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों द्वारा उनकी समस्याओं के निस्तारण शीघ्र कराये जाने का आश्वासन भी दिया गया। इस दौरान वरिष्ठ कोषाधिकारी अमेठी ने समस्त आहरण वितरण अधिकारियों से कहा कि जो भी पेंशन के प्रकरण लंबित हैं उन पर मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए समय से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने के 6 माह पूर्व से ही पेंशन के पूरे प्रपत्र पूर्ण कराते हुए संपूर्ण कार्यवाही कर ली जाए ताकि संबंधित कर्मचारी को सेवानिवृत्ति तिथि को देयकों का भुगतान कर दिया जाए ताकि कर्मचारी को पेंशन के लिए विभागों का चक्कर न लगाना पड़े। उन्होंने कहा कि पेंशनरों का वास्तविक सम्मान तभी होगा जब सभी देयकों का भुगतान समय सीमा के अंदर कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारी का पेंशनर का प्रपत्र प्राप्त होने के बाद लंबित न रहे तत्काल कार्यवाही की जाए ताकि कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति से पूर्व छोटी-छोटी बातों पर समस्या न हो और कार्य शीघ्र ही निस्तारित हो जाए और संबंधित कर्मचारी परेशान भी न हो इसका आप लोग विशेष ध्यान दें, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी पेंशनर कोषागार परिवार का अंग है तथा पेंशनर्स के स्वस्थ्य व मंगलमय जीवन की कामना करते हुए पेंशन सम्बन्धित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर मो0नं0-8765923689 पर सूचित करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर कोषागार के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित पेंशनर साहब बक्श सिंह, हरि प्रकाश नरायण तिवारी, सुरेन्द्र बहादुर सिंह, दिनेश चन्द्र मिश्र व अन्य मौजूद रहे।

## आगामी पीसीएस परीक्षा को लेकर डीएम व एसपी ने की बैठक



अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिलाधिकारी निशा अनन्त व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा जनपद अमेठी के विभिन्न विद्यालयों में लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस परीक्षा-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार गौरीगंज में जनपद के विभिन्न स्कूल/कालेज के प्रधानाचार्यों, सेक्टर, स्टैटिक, जोनल मजिस्ट्रेट एवं परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी में परीक्षा के दौरान आयोग के निदेर्शों के अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने हेतु व सुरक्षा व्यवस्था के संबन्ध में सभी संबन्धित को आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये ।गोष्ठी में अपर जिलाधिकारी अमेठी, अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक व अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे ।

# चोरी की 03 मोटरसाइकिल के साथ तीन शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 हेम नारायण सिंह थाना मुसाफिरखाना मय हमराह चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 03 शातिर वाहन चोर मो0 इमरान पुत्र मो0 असरफ निवासी पूरे गोपालदास चकदोहरी मुसाफिरखाना .शुभम शुक्ला उर्फ धोनी शुक्ला पुत्र कृष्ण चन्द शुक्ला निवासी खौदिया,.विकास उपाध्याय उर्फ सत्य प्रकाश पुत्र विधान शंकर उपाध्याय निवासी अनखरी थाना मुसाफिरखाना ग्राम पूरे प्रेमशाह के पास चोरी की तीन मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में बताया कि हम तीनों लोग अपने साथी.राम कुमार पुत्र छोटे लाल ,रोशन अहमद पुत्र इंतजार अहमद के साथ वाहन चोरी करते हैं। हम लोगों ने चोरी की 03 मोटरसाइकिल यहां लाकर खड़ी की थी जिन्हें आज बेचने वाले थे ।आगे पूछताछ में बताया कि मोटरसाइकिल टीवीएस स्पोर्ट वढ36द3115 को कमला उदित डिग्री कॉलेज मुंशीगंज के पास से, मोटरसाइकिल स्प्लेन्डर प्रो वढ44अइ9415 को इसी महीने में सुलतानपुर दीवानी से चोरी किया था तथा तीसरी मोटरसाइकिल पैशन प्रो वढ72व9911 के संबंध में याद नहीं। हम लोगों ने कस्बा मुसाफिरखाना से एक मोटरसाइकिल अपाचे सं0 वढ44इए5940 एक सप्ताह पहले चोरी किया था। गिरफ्तारी व बरामगदगी के संबंध में मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# 24 घंटे में 5 सड़क हादसों में 5 की मौत:सुलतानपुर में 6 घायल

## टांडा-बांदा हाइवे पर साइकिल सवार की मौत; जीजा-साले घायल

अमन लेखनी समाचार





सुल्तानपुर के टांडा-बांदा हाइवे पर जयसिंहपुर कोतवाली के बौरा जगदीशपुर गांव में साइकिल सवार दो युवकों को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में 16 वर्षीय मोहित की मौत हो गई, जबकि उसके साथी रोहित को मामूली चोटें आईं। बाइक सवार मिथुन और सुनील गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

### दोनों शादी समारोह से लौट रहे थे

मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के गोदलपुर मोड़ पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। संतराम और उनके बेटे माइकल अपनी बाइक पर थे, जबकि दूसरी बाइक पर महेंद्र और विवेक सवार थे। सभी घायलों को पहले सीएचसी मोतिगरपुर ले जाया गया और फिर हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

### अयोध्या से लौट रहे युवक की मौत, साथी गंभीर घायल

गोसाईंगंज थाना क्षेत्र में आयूबपुर निवासी दो युवक, विजय और राजकुमार, स्कूटी से घर लौट रहे थे। कूरेभार क्षेत्र के आलमपुर के पास तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। राजकुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि विजय को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया ।मोतिगरपुर थाना क्षेत्र में दियरा बाजार के निवासी नकुल कुमार की बाइक सड़क पर अचानक आए जानवर से टकरा गई। हादसे में नकुल गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ।लंभुआ कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-वाराणसी हाइवे पर नरहरपुर के पास तेज रफ्तार वाहन ने दो मजदूरों को कुचल दिया। मृतकों की पहचान बिहार के गौरी शंकर मंडल और नंदलाल यादव के रूप में हुई। दोनों मजदूर रेलवे पुल निर्माण में लगे थे और होटल पर खाना खाने जा रहे थे।

### रफ्तार बनी पांच मौतों की वजह, जागरूकता अभियान सवालों के घेरे में

पिछले 24 घंटे में हुई इन पांच हादसों में रफ्तार जानलेवा साबित हुई। ये घटनाएं तब हुईं जब कुछ ही दिन पहले यातायात माह समाप्त हुआ था। परिवहन और पुलिस विभाग ने लाखों रुपये खर्च कर जागरूकता अभियान चलाया, लेकिन हादसों की संख्या ने इन अभियानों की वास्तविकता उजागर कर दी है।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक–
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक –
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com







टीनएज के दौरान कई तरह के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक बदलाव होते हैं। कुछ बच्चे इन बदलावों से संतुलन स्थापित नहीं कर पाते और आइडेंटिटी क्राइसिस फेज से गुजरने लगते हैं। इससे उनके बिहेवियर में कुछ असामान्यता दिख सकती है। ऐसी कंडीशन में पैरेंट्स क्या करें, कैसे अपने बच्चे को सही गाइडेंस दें, यह जानना बहुत जरूरी है।

## कहीं आपका टीनएज बच्चा आइडेंटिटी क्राइसिस को फेस तो नहीं कर रहा

कवर स्टोरी

सरस्वती रमेश

महिमा का सोलह वर्षीय बेटा दूसरे बच्चों से कुछ अलग है। उसे दोस्तों के साथ एंज्वॉय करना पसंद नहीं है। ज्यादा बातें करना भी अच्छा नहीं लगता। जब महिमा उसे सबके साथ मिलने-जुलने के लिए कहती तो वह अपनी किताबों में सिर गड़ा लेता या टीवी खोलकर या फिर मोबाइल लेकर बैठ जाता। उसका व्यवहार कुछ ऐसा होता जैसे उसकी कोई दूसरी दुनिया हो, जिसमें वह खोया रहता है। महिमा उसके इस व्यवहार से चिंतित रहती। कभी-कभी चिढ़ भी जाती, डांट-फटकार देती। लेकिन उस पर कुछ असर नहीं होता। महिमा को समझ में नहीं आ रहा था कि उसका बच्चा दूसरों के जैसा नॉर्मल बिहेव क्यों नहीं करता है? एक दिन उसकी अपनी एक मनोचिकित्सक सहेली ने बताया, 'तुम्हारे बेटे को आइडेंटिटी क्राइसिस की प्रॉब्लम है।' सिमरन इसके बारे में बिल्कुल अनजान थी, वह घबरा गई। लेकिन उसकी मित्र ने उससे धीरज बंधाते हुए समझाया, 'यह कोई बड़ी बात नहीं है। इस कंडीशन से बेटे को निकाला जा सकता है।' सहेली ने आइडेंटिटी क्राइसिस के बारे में विस्तार से महिमा को बताया।



### क्या है आइडेंटिटी क्राइसिस

आइडेंटिटी क्राइसिस, किशोरावस्था यानी टीनएज में होने वाली एक मनोवैज्ञानिक समस्या है। हालांकि यह किसी भी उम्र में हो सकती है, लेकिन इसकी शुरुआत आमतौर पर टीनएज से ही होती है। इस उम्र के कुछ बच्चे घर-परिवार, समाज में अपनी पहचान तलाशने की कोशिश करते हैं। ऐसे टीनएज बच्चे व्यवहार में अन्य बच्चों से कुछ अलग दिखते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो इंट्रोवर्ट या संकोची होते हैं। लेकिन ये कहीं से भी एब्नॉर्मल नहीं होते, जैसा कि आमतौर पर परिवार के सदस्यों या समाज में सोच लिया जाता है। मनोविज्ञान की भाषा में कहें तो आइडेंटिटी क्राइसिस किसी व्यक्ति की खुद की अनुभूतियों, मूल्यों और विश्वासों के बारे में अनिश्चितता या भ्रम की स्थिति को कहते हैं। अकसर यह तब होता है, जब टीनएज बच्चे या युवा किसी सामाजिक, परिवारिक, व्यक्तिगत या मानसिक संघर्ष से जूझ रहे होते हैं। उनकी अपनी पहचान असुरक्षित और अस्थिर लगती है। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि यह हमारे मानसिक विकास का हिस्सा है। आमतौर पर सभी इस स्थिति से गुजरते हैं। किसी में आइडेंटिटी क्राइसिस के लक्षण ज्यादा होते हैं तो किसी में कम।

### आइडेंटिटी क्राइसिस के लक्षण

अपनी पहचान के लिए जूझ रहे किशोर या युवा अकसर अपने जीवन के उद्देश्य को लेकर अनिश्चित होते हैं, अपने लक्ष्यों के प्रति सशंकित भी। ऐसे बच्चे अपनी बात आसानी से दूसरों से कह नहीं पाते। इन्हें अपनी बात के इंपैक्ट को लेकर हमेशा भय सताता है। ये बच्चे दोस्तों, रिश्तेदारों के बीच सहज नहीं होते। सबसे कटे रहते हैं, अकेले रहना चाहते हैं। इनका स्वभाव भी बहुत चिड़चिड़ा या बहुत शांत हो जाता है। सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने से कतराते हैं। भीड़ में असहज हो जाते हैं। कोई भी फैसला लेने में ये बच्चे दुविधा की स्थिति में रहते हैं। इनके लिए फैसले अकसर गलत हो जाते हैं। ऐसे टीनएज बच्चे किसी काम को करते वक्त खुद से ज्यादा दूसरों की अपेक्षाओं के बारे में सोचते हैं। जरा-सी कठिनाई आने पर घबरा जाते हैं। इससे उबरने के लिए खुद पर भरोसा नहीं करते। एक तरह से अपने सामान्य जीवन में हर कदम पर मानसिक संघर्ष करते हैं।

### क्या हैं आइडेंटिटी क्राइसिस के कारण

किशोरावस्था शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक बदलाव का समय होता है। इस वक्त बच्चे अपने खान-पान, रहन-सहन, परिवेश, बर्ताव, जिम्मेदारियां सबके प्रति अधिक कॉन्शस और इमोशनल हो जाते हैं। प्रतिकूल बातें इन पर अतिरिक्त प्रेशर क्रिएट करती हैं, जैसे- स्टडी और रिजल्ट को लेकर पैरेंट्स का बार-बार टोकना, स्कूल में किसी बात को लेकर बुली किया जाना, परिवार की आर्थिक या घरेलू समस्या, किसी शारीरिक कमी के कारण हंसी का पात्र बनना, औरों से अलग होने की भावना आदि। ऐसी बातें किशोरों में हीनभावना पैदा करती हैं, उन्हें अलग-थलग महसूस कराती हैं। इस तरह का दबाव उन्हें भावनात्मक रूप से कमजोर और अकेला करता है, जिसके कारण आइडेंटिटी क्राइसिस हो जाती है।

#### मनोवैज्ञानिक मत

सबसे पहले मनोवैज्ञानिक एरिक एरिक्सन ने आइडेंटिटी क्राइसिस के बारे में बताया था कि खुद की पहचान या अपनी आइडेंटिटी को समझना लोगों के लिए बहुत बड़ा संघर्ष है। टीनएज के दौरान बच्चे अपनी आइडेंटिटी के प्रति कॉन्शस रहते हैं। एक तरह से इस समय बच्चे के भीतर पहचान की भावना विकसित होती है। 'मैं कौन हूं' या 'मुझे कैसा होना चाहिए' जैसे सवाल उसके भीतर उठते हैं। हालांकि ऐसे सवाल उम्र के किसी भी मोड़ पर हमारे सामने आ सकते हैं। हम इस सवाल के जवाब के लिए संघर्ष भी करते हैं। मतलब पहचान की समस्या कभी भी हो सकती है। लेकिन ज्यादातर यह उस समय होती है, जब हम जीवन के किसी चुनौतीपूर्ण समय या बदलाव से गुजर रहे होते हैं। किशोरावस्था में शारीरिक बदलाव के साथ मानसिक उथल-पुथल का समय भी होता है। इस समय बच्चा अपने लुक्स, बिहेवियर और पहनावे आदि के प्रति अधिक कॉन्शस रहता है। अपने दोस्तों के बीच अपनी सामाजिक, आर्थिक स्थिति को बेहतर दिखाने की कोशिश करता है। बदलाव के इस दौर में अपनी पहचान के लिए जूझना सामान्य बात है। एरिक्सन के अनुसार, 'आइडेंटिटी क्राइसिस खुद का विभिन्न तरीकों से गहन विश्लेषण और अन्वेषण का समय है। हमारी पहचान जीवन भर बदलती और बनती रहती है, क्योंकि लोग अपने लंबे जीवन में नई-नई चुनौतियों का सामना करते हैं, अलग-अलग अनुभवों से दो-चार होते हैं। इस प्रकार पहचान का संकट किसी भी उम्र में हो सकता है।'



### ये हैं उपचार के तरीके

अगर आइडेंटिटी क्राइसिस के कारण टीनएज बच्चे को रोजमर्रा के काम करने में परेशानी महसूस हो रही है या क्षमता होते हुए भी वह काम करने में सक्षम नहीं हैं, तो पैरेंट्स के रूप में आपको इस समस्या से निजात के लिए गंभीरता से बच्चे पर ध्यान देने की जरूरत है। आप मनोचिकित्सक की मदद ले सकती हैं। उन्हें खुलकर बताएं कि आपका बच्चा कैसा महसूस करता है? उसके जीवन में हाल ही में क्या बदलाव आए हैं? किस तरह के तनाव से इन दिनों वह गुजर रहा है? कुछ अध्ययनों में पाया गया है कि नैरेटिव थैरेपी पहचान के संकटों के उपचार में मददगार होती है, खासकर किशोरों में। ऐसे ही एक स्टडी में नैरेटिव थैरेपी में शामिल होने के बाद पॉजिटिव रिजल्ट आए। न्यूजीलैंड के मनोचिकित्सक माइकल व्हाइट और डेविड एप्सटन द्वारा 1980 के दशक में नैरेटिव थेरेपी विकसित की गई थी। इस चिकित्सा पद्धति का उद्देश्य व्यक्ति को दोषी ठहराए बिना उसे सही परामर्श देना और उसे मानसिक रूप से मजबूत बनाना होता है। नैरेटिव थैरेपी कुछ अंतर्निहित कारणों, जिनके कारण व्यक्ति अकेलापन या स्ट्रेस महसूस कर रहा है, इसके उपचार से समस्या को कम करने में मदद करती है। इसमें किशोरवय बच्चे के नकारात्मक विचारों को दूर करने और चिड़चिड़े व्यवहार में सुधार करने की कोशिश की जाती है ताकि वह अच्छा सोच सके। साथ ही अपने कार्य और निर्णयों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बना सके। यह थैरेपी बच्चों को उनके द्वारा बताई गई कहानियों के माध्यम से खुद को तलाश करने में मदद करती है। अनेक मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि भले ही आइडेंटिटी क्राइसिस मानसिक तनाव और भावनात्मक संघर्ष का समय हो, लेकिन यह खुद को बेहतर बनाने और अपनी नई क्षमताओं को तलाशने का एक मौका भी है। ❀

## बुजुर्ग माता-पिता के चेहरे पर मुस्कान अच्छी संतान की पहचान

हमारे माता-पिता हमारी परवरिश में अपनी सारी खुशियां न्योछावर कर देते हैं। जीवन की सांध्य बेला में हमारा भी यह दायित्व बनता है, अब हम उनका पूरा ध्यान रखें, ताकि उनके चेहरे पर हमेशा मुस्कान बिखरी रहे।

दायित्व

शिखर चंद जैन

हमारे सामाजिक मूल्यों में जिस तेजी से ह्रास हो रहा है, वह ना सिर्फ समाज और व्यवहार विशेषज्ञों बल्कि प्रशासन और न्यायपालिका के लिए भी चिंता का विषय है। हाल के वर्षों में कुछ राज्य सरकारों को संतान द्वारा माता-पिता का सम्मान और देखभाल करने संबंधी एडवाइजरी जारी करनी पड़ी। कई अदालतों ने भी बुजुर्ग माता-पिता की उपेक्षा करने और सताने वाली संतानों को फटकार लगाई है। कहा है कि कानूनी रूप से अपनी संतान के पास सुख और आदरपूर्वक रहना माता-पिता का नैतिक, सामाजिक और कानूनी अधिकार है। हमें यह समझना चाहिए कि जिन माता-पिता ने अपने बच्चों को एक अच्छा भविष्य देने के लिए अपने सुखों का त्याग किया, उनके वृद्ध होने पर उनके चेहरे पर मुस्कान कायम रखना संतान का फर्ज है।

**उनके साथ नियमित करें बातें:** उम्रदराज अभिभावक अकसर खुद को अकेला महसूस करते हैं। उन्हें अपने बेटे-बहू के भावनात्मक सपोर्ट की जरूरत होती है। बूढ़े माता-पिता की भौतिक जरूरतें कम, मानसिक जरूरतें ज्यादा होती हैं। इसलिए सुबह-शाम साथ बैठकर उनसे बातें करें। विषय कुछ भी हो सकते हैं, घर-परिवार, नाते-रिश्तेदार, समाज, देश-दुनिया या फिर कैसी भी हल्की-फुल्की बातें, जो उन्हे भाती हों।

**उनकी हॉबीज का करें सम्मान:** किसी भी व्यक्ति को व्यस्त और खुश रखने में डेली रूटीन और हॉबीज का बड़ा महत्व है। इनसे तन-मन दोनों प्रसन्न और स्वस्थ रहते हैं। आपके माता-पिता को बागवानी, टहलने, मूवी या किताबें पढ़ने, संगीत सुनने या धार्मिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होने का शौक है तो उनको रोके नहीं, सहयोग करें। घर के बच्चे उनके साथ लूडो, कैरम जैसे इंडोर गेम्स खेलें तो उनका मन भी लगेगा और बच्चों के साथ उनकी बॉन्डिंग भी बढ़ेगी।

**पारिवारिक कार्यक्रमों में साथ ले जाएं:** कई बार युवा बेटे-बेटी माता-पिता को रिश्तेदारों की शादियों या अन्य कार्यक्रमों में ले जाने से बचते हैं। अगर वे अस्वस्थ नहीं हैं तो उन्हें जरूर साथ ले जाएं। वहां अपने लोगों से मिलकर और घर से बाहर कुछ समय बिताकर उन्हें अच्छा लगेगा।



**घरेलू मामलों में सलाह लें:** कई बार जब वयस्क संतान अपने माता-पिता से कुछ भी पूछना छोड़ देते हैं तो इससे वे खुद को उपेक्षित महसूस करते हैं, उनकी भावनाएं आहत होती हैं। पैरेंट्स का दिल जीतने के लिए आपको किसी भी निर्णय के बारे में उन्हें बताना चाहिए, उनसे सलाह-मशविरा भी करना चाहिए। इससे उन्हें लगेगा कि परिवार में उनका महत्व और आदर बना हुआ है।

**उनकी प्रशंसा करें:** माता-पिता ने ताउम्र आपकी हर खुशी और सुविधा का ध्यान रखा। ऐसे में आपका फर्ज है कि उनका आभार प्रकट करें। अगर आप अपने रिश्तेदारों के सामने उनकी प्रशंसा करेंगी तो उनका मन बहुत खुश होगा, उनका मान भी बढ़ेगा।

इस तरह इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर हम अपने बुजुर्ग माता-पिता के चेहरे पर मुस्कान ला सकते हैं, उन्हें खुश रख सकते हैं। ❀

## क्या आप जानती हैं बालों में ऑयलिंग का सही तरीका



केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

हालांकि कई लोग अपने बालों पर जरूरत से ज्यादा तेल लगाए रहते हैं तो कुछ बहुत कम या बिल्कुल ऑयलिंग नहीं करते हैं। दोनों ही हैबिट्स सही नहीं हैं। वास्तव में हर मौसम में बालों पर थोड़ी ऑयलिंग करनी चाहिए, लेकिन सर्दी के मौसम में इसकी जरूरत ज्यादा होती है। इससे भी ज्यादा जरूरी यह है कि बालों में तेल सही तरीके से ही लगाना चाहिए, जिससे बालों की ग्रोथ अच्छी हो, वे मजबूत भी बनें। यहां आपको समझ लेना चाहिए कि बालों में तेल लगाने के कई ऐसे फायदे होते हैं, जो आपको शैंपू, कंडीशनर या सीरम लगाने से कभी नहीं मिलेंगे, इसलिए सभी को अपने बालों में तेल जरूर लगाना चाहिए।

**बालों में तेल लगाने के फायदे:** बालों में तेल लगाने के फायदों के बारे में तो थोड़ा-बहुत लोग जानते ही हैं, लेकिन बालों में तेल को सही तरीके से लगाने और सही समय पर लगाने के बारे में कई गलतफहमियां मौजूद हैं। इनकी वजह से लोग गलत तरीके से बालों पर तेल लगाते हैं और उन्हें फायदे की बजाय नुकसान उठाना पड़ता है। बालों में सही तरीके से तेल लगाने से बालों की कई समस्याएं आसानी से दूर होती हैं। तेल बालों को पोषण देकर उन्हें झड़ने से रोकता है और ड्राइनेस को दूर करने में मदद करता है। इसलिए सप्ताह में एक या दो बार तेल से बालों की मसाज अवश्य करें।



**कब लगाएं तेल:** आयुर्वेद के अनुसार आपको बालों में नहाने से पहले तेल लगाना चाहिए। बालों को मजबूत बनाने के लिए हफ्ते में दो बार गुनगुने तेल से बालों की मसाज करनी चाहिए। अधिकांश लोग शैंपू करने के बाद बालों में तेल लगाते हैं, जिसकी वजह से उनके बालों में धूल, मिट्टी जम जाती है और बाल टूटने लगते हैं। सामान्य बालों को शैंपू करने से दो-तीन घंटे पहले तेल लगाना चाहिए ताकि तेल बालों की जड़ों तक पहुंच जाए। अगर आप सुबह जल्दी नहाती हैं तो आप बालों में रात को तेल लगाकर सो सकती हैं। ऐसा करने से पूरी रात बालों को तेल का पोषण मिलता है।

**ऑयलिंग का सही तरीका:** बालों में तेल लगाने के लिए सबसे पहले तेल को हल्का गुनगुना करें। जब तेल थोड़ा ठंडा हो जाए तो बालों को दो हिस्सों में बांट कर तेल में अंगुलियों को डुबोकर हल्के-हल्के स्कैल्प और बालों की मसाज करें। अब एक तौलिए को गर्म पानी में भिगोकर निचोड़ लीजिए और तौलिए को पगड़ी की तरह 15 मिनट तक सिर पर बांध लें। इससे स्कैल्प के रोम छिद्र खुल जाते हैं। इससे तेल, स्कैल्प में अच्छे से अवशोषित होगा। तेल लगाने के दो-तीन घंटे बाद आप बालों को धो सकती हैं। अगर आपने रात को तेल लगाया है तो आप सुबह उठते ही बालों को धो सकती हैं। ❀

## प्रेग्नेंसी का थर्ड ट्राइमेस्टर हेल्थ की करें प्रॉपर केयर

प्रेग्नेंसी के अंतिम तीन महीने (थर्ड ट्राइमेस्टर) मां और बच्चे दोनों के लिए सबसे नाजुक माने जाते हैं। इस दौरान गर्भवती स्त्री को सेहत की विशेष देखभाल की जरूरत होती है। इस दौरान किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, आपके लिए बहुत यूजफुल सजेशंस।



प्रिकॉशन

डॉ. मधु गोयल

एचओडी-गाइनेकोलॉजी

फोर्टिस ला फेम हॉस्पिटल, दिल्ली

गर्भावस्था (प्रेग्नेंसी) के 28वें से 40वें सप्ताह यानी प्रसव तक की अवधि को तीसरी तिमाही या थर्ड ट्राइमेस्टर कहा जाता है। इस दौरान गर्भवती स्त्री के ब्लडप्रेशर, वजन, उसके यूरीन, वेक्सीनेशन, भ्रूण की स्थिति, उसके आकार, उसकी हृदय गति की जांच की जाती है। डॉक्टर इस बात की भी जांच करती हैं कि महिला का प्लेसेंटा खुलने की स्थिति में है या नहीं? फिर 36वें सप्ताह में ग्रुप बी स्ट्रेप टेस्ट के जरिए यह भी मालूम किया जाता है कि गर्भवती स्त्री के शरीर में जीबीएस नामक बैक्टीरिया तो नहीं है? यदि प्रसव की तिथि क्रॉस हो गई हो तो स्त्री रोग विशेषज्ञ बायोफिजिकल प्रोफाइल जैसे जांच की सलाह देती हैं।

**दिखते हैं ये बदलाव:** प्रेग्नेंसी की तीसरी तिमाही के दौरान महिला के गर्भाशय में संकुचन, सांस फूलना, बार-बार यूरीन आना जैसे लक्षण नजर आते हैं। अगर एमनियोटिक फ्लूइड लीक होने जैसा कोई लक्षण नजर आए तो तत्काल इस बात की जानकारी स्त्री रोग विशेषज्ञ को देनी चाहिए। बढ़ता हुआ गर्भाशय पेट पर दबाव डाल सकता है, जिससे सीने में जलन और अपच जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं। इस दौरान पीठ में दर्द की भी समस्या हो सकती है। इससे बचाव के लिए बैठते समय हमेशा पीठ को कुशन का सहारा दें। रक्त संचार बढ़ने से पैरों में लाल और बैंगनी नसें तनी हुई दिखाई दे सकती हैं। पैरों में सूजन की भी समस्या हो सकती है। इससे बचाव के लिए पैरों को ऊपर की ओर मोड़ने वाली एक्सरसाइज करनी चाहिए। अंतिम तीन महीनों में थकान और शरीर में भारीपन महसूस होने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इससे बचाव के लिए टहलना और एक्सपर्ट की सलाह पर हल्के-फुल्के व्यायाम करना सेहत के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। ❀

प्रस्तुति: विनीता

#### इन बातों का रखें ध्यान

**गर्भावस्था की** तीसरी तिमाही में गर्भस्थ शिशु का वजन तेजी से बढ़ता है और उसके विकास की गति भी तेज हो जाती है। ऐसे में संतुलित और पौष्टिक भोजन बहुत जरूरी है। इस अवधि में रक्त प्रवाह को धीमा कर खून के थक्के जमने की प्रक्रिया को तेज करना बहुत जरूरी है। विटामिन के में ऐसा तत्व पाया जाता है, जो खून जमने की प्रक्रिया में मददगार होता है। कीवी में पर्याप्त मात्रा में विटामिन के पाया जाता है, इसलिए नियमित रूप से कीवी का सेवन करना चाहिए। इस दौरान गर्भवती स्त्री के शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर भी सही होना चाहिए। इसके लिए अनार, खजूर, गुड़, सेब, चुकंदर और हरी पत्तेदार सब्जियों का पर्याप्त मात्रा में सेवन करना चाहिए। आठवें और नौवें महीने में प्रेग्नेंट महिला को स्त्री रोग विशेषज्ञ के संपर्क में रहना चाहिए। डॉक्टर शिशु के वजन, यूट्रस के अंदर मौजूद फ्लूइड और गर्भनाल की स्थिति की जांच के लिए सोनोग्राफी कराने की सलाह दे सकती हैं। एक्सपर्ट की निगरानी में पेल्विक, कीगल और फ्लोर एक्सरसाइज करना भी नॉर्मल डिलीवरी में मददगार साबित होता है।

## गुनगुनी धूप में मीठे करें रिश्ते

जाड़े के इस मौसम में खिली-खिली धूप में अपनों के साथ बैठकर बतियाने का एक अलग ही आनंद है। आपसी बातों को साझा करने से रिश्तों में मिठास तो घुलती ही है, यह धूप हमें ऊर्जावान भी बनाती है, मन को प्रफुल्लित रखती है। हमारे स्वास्थ्य के लिए यह धूप कुदरत की नियामत है।

तन-मन

मुग्धा पांडे

इन दिनों गुनगुनी-सुहानी धूप में बैठने का मजा कुछ अलग ही होता है। इस ठंड में यह धूप तन-मन को उमंग-तरंग से सराबोर कर देती है। यह धूप अपनेपन, संबंधों की ऊष्मा को बढ़ाने का एक प्यारा-सा माध्यम है। गरमाहट भरी धूप के लम्हे सेहत को भी बेहतर बना देते हैं। व्यवहार विशेषज्ञ और मनोवैज्ञानिक एडलर और मॉरिसन के शोध भी यह कहते हैं कि सुकून देती धूप में साथ बैठकर बातचीत करने से सकारात्मक हार्मोंस का स्राव होता है, जो संतुलित और मोहक व्यक्तित्व के लिए किसी औषधि से कम नहीं है। देह को किसी जादुई अहसास की तरह नरम-नरम स्पर्श करती मीठी-गुनगुनी धूप स्वास्थ्य को अनगिनत फायदे पहुंचाती है। यह इम्यून सिस्टम को मजबूत करती है, शरीर के ना जाने कितने ही दर्द मिटाती है। नकारात्मकता को नियंत्रित करने में मदद करती है। यह चमत्कारी धूप चटखती हड्डियों, चोटिल मांस पेशियों को एक कुदरती सेंक प्रदान करके, हमारे भीतर की ऊर्जा बढ़ाती है। कितने अचरज की बात है कि अनगिनत गुणों से सराबोर यह धूप हमारे शरीर को निःशुल्क विटामिन डी प्रदान करती है। कितना भी जुकाम हो या खांसी से तन हिल रहा हो, वैद्य धूप में बैठकर पीठ सेंकने की सलाह देते हैं। गठिया और कमर दर्द के लिए तो धूप एक प्राकृतिक उपचार है।



**ऐसे लें धूप का आनंद:** जो लोग साथ-साथ बैठकर धूप का मजा लेते हैं, इससे उनका अवसाद, आलस और लो-हाई दोनों तरह का ब्लड प्रेशर सामान्य होता है, उनके हृदय को स्वस्थ रखने में मदद मिल जाती है। इस तरह से नियमित धूप सेवन से कई तरह के स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं, तो फिर हम नरम मखमली धूप लेने में पीछे क्यों रहें। इसके लिए कोई बहुत अधिक तामझाम और खर्च की भी जरूरत नहीं होती। एक कप चाय, कॉफी, ग्रीन टी, कहवा या फिर दूध-जलेबी भी गुनगुनी धूप का मजा सौ गुना बढ़ा देती है। आयुर्वेद में दूध-जलेबी को किसी टॉनिक से कम नहीं माना गया है। चाय, कॉफी आदि की तो बात ही निराली है। आजकल तो झटपट बनने वाले स्नैक्स भी चलन में हैं। इनको बनाकर केसरोल में रख लें। धूप में बैठकर सहेलियों के साथ इनका लुत्फ उठाइए।

**अवकाश के दिन लें पूरा मजा:** अगर अवकाश का दिन है तब तो सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक किसी हॉबी के साथ जाड़े की गुनगुनी धूप का आनंद लें। पेंटिंग या लेखन या कढ़ाई-बुनाई कोई भी शौक अपने साथी के साथ बैठकर पूरा करें। इस तरह का कोई भी रचनात्मक काम करने से एक खुशी मिलती है। तन-मन भी ऊर्जावान होता है। आप धूप में बैठकर कोई खेल भी खेल सकती हैं जैसे लूडो, कैरम और ताश आदि, इससे मनोरंजन होगा।

**सर्दी की धूप की महिमा:** अपने देश में सर्दी की धूप की यों भी बड़ी महिमा रही है। आज भी ना जाने कितनी महिलाएं जाड़े की धूप में छत को अपना ठिकाना बनाती हैं। छत पर ही नाश्ता, खाना और दोपहर की झपकी का सुख लेती हैं। कितने ही लोग धूप के ऐसे दीवाने होते हैं कि इनके लिए सुबह धूप का निकलना किसी उत्सव से कम नहीं होता। महिलाएं तो सखी-सहेलियों के संग चटाई, दरी लेकर अपने-अपने घर से निकल कर बाहर आ जाती हैं। पार्क या घर के लॉन में बैठकर बतकही करती हैं। धूप ही फूलों को खिलाती है या कहें कि उनके सौंदर्य को दमकाती है। धूप जहां कहीं फैलती है, किसी अंधेरे कोने में, पानी पर, वृक्षों की शाखाओं पर, वहां अपनी चमक भर देती है।

**वसंत की अंतरंग सखी धूप:** प्रकृति के सुकुमार कवि सुमित्रानंदन पंत जी ने तो धूप को वसंत की अंतरंग सखी कहा है। कोहरे को चीरती धूप का अर्थ है- सुकून, प्यार और परवाह। धूप में साथ बैठी सहेली की बहुत सी बातें दिल में मीठी यादें बनकर बस जाती हैं। कुछ मीठी-सी गपशप, हल्की-फुल्की बातें, कोई पुराना दिलचस्प किस्सा धूप के सेवन के साथ अपनों के साथ साझा करना, धूप का मजा सौ गुना बढ़ा देता है। तो इस सुहानी धूप का आनंद रोज लीजिए और रिश्तों में मिठास घोलिए। ❀